तापमान

अधिकतम 40.8 डिग्री

न्यूनतम 27.6 डिग्री

हरिभूमि

# इस्पात भूमि

रायपुर, गुरुवार 4 जून 2026



10 प्रशासनिक टीम ने की आठ घंटे की जांच...




11 सुशासन तिहार में उमड़ी भीड़ सरकार पर लोगों ...






## खबर संक्षेप



### हेरोइन के साथ महिला पकड़ी गई, 5.80 लाख रुपए का सामान जब्त

**भिलाई**। हेरोइन के साथ पुलिस ने एक महिला को गिरफ्तार किया है। सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर खुर्सीपार जोन 3 निवासी रज्जी कौर के पास से नशे का सामान हेरोईन 5.80 ग्राम बरामद किया गया है। जिसकी कीमत 5.80 लाख रुपए आंकी गई है। इसके अलावा नगदी रकम और बेचने की राशि 20 हजार 900 रूपये, तीन मोबाइल जब्त किया है। मुखबिर की सूचना पर आरोपिया रज्जी कौर सिरसागेट यात्री प्रतिक्षालय के पास हेरोईन चिट्टा रखकर बेचने की का प्रयास कर रही थी। महिला को भिलाई तीन पुलिस तुरंत पकड़ने पहुंची। उसके पास से हेरोईन मिला। महिला से पूछताछ करने पर नसे का सामान बेचना स्वीकार किया। महिला के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### टोलाघाट एनीकेट में युवक डूबा

**भिलाई**। टोलाघाट एनीकेट में डूबने से एक युवक की मौके पर मौत हो गई। पाटन पुलिस ने बताया कि बुधवार को एनीकेट में डूबने की सूचना पर एसडीआरएफ दुर्ग की टीम ने रेस्क्यू ऑपरेशन किया। घटना की सूचना कंट्रोल रूम को मिली थी। जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन अधिकारी नागेंद्र कुमार सिंह के निर्देश पर पाटन भेजा गया। एसडीआरएफ के डीप डाइविंग एक्सपर्ट राजकुमार यादव, चंद्रप्रताप जघेल ने करीब 20 फीट गहरे पानी में उतरकर युवक के शव को बाहर निकालकर पुलिस को सौंपा गया। मृतक का शिनाख्त गुड़ियारी रायपुर निवासी शुभम वर्मा के रुप में हुई है। शव मिलने के बाद पुलिस ने परिजनों को जानकारी दी। मामले को लेकर पुलिस जांच में जुटी हुई है।

### राधिका नगर में चाकू लहराते एक गिरफ्तार

**भिलाई**। सुपेला थाना अंतर्गत राधिका नगर में चाकू लहराते एक युवक को पुलिस ने पकड़ा। आरोपी का नाम शेख बबलू उम्र 35 साल निवासी गौतम नगर सुपेला बताया गया है। पुलिस ने बताया कि घटना 3 जून की है। मुखबिर से सूचना मिली कि शेख बबलू आरके ग्राउंड राधिका नगर में हांथ में चाकू लेकर लहराकर आने जाने वाले लोगो को डरा धमका रहा है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर उसे पकड़ा। आरोपी शेख बबलू के कब्जे से एक लोहे का धारदार चाकू बरामद कर धारदार चाकू को जब्त किया गया। उसके विरुद्ध धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया गया।

# बारिश में जलकुंभी से बचाव के लिए 24 एमएलडी इंटकवेल में लगाई लोहे की जाली, आधे शहर की पेयजल आपूर्ति प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏩दुर्ग

भीषण गर्मी के बीच जब पानी की जरुरत बढ़ गई है, ऐसे समय में बुधवार को शहर में पेयजल आपूर्ति बुरी तरह प्रभावित हुई। 5 टंकियों में जलभराव नहीं हो सका, जिसकी वजह से करीब 20 हजार घरों तक पानी नहीं पहुंचा। शहर के वार्ड-17, 18, 27, 24, 26 सहित अन्य वार्डों में पेयजल को लेकर लोगों को परेशान होना पड़ा। खास बात यह है कि किस वजह से पानी की सप्लाई नहीं हुई, इसे लेकर पार्षदों को भी जानकारी नहीं दी गई। पार्षद पूरे दिन अधिकारियों को फोन गनगनाते रहे, लेकिन कुछ भी पता नहीं चल पाया। देर शाम जानकारी दी गई कि 24 एमएलडी के इंटकवेल के पास एक बड़ी सी लोहे की जाली लगाने के कारण 11 और 24 एमएलडी फिल्टर प्लांट से सप्लाई वाले पानी की टंकियों में सप्लाई प्रभावित हुई।

## शहर की 5 प्रमुख टंकियों से 20 हजार घरों में शाम को नहीं मिला पानी, देर रात सप्लाई का दावा

### आगामी दिनों में 42 एमएलडी के इंटकवेल में लगाने की तैयारी

अधिकारियों ने बताया कि आगामी दिनों में 42 एमएलडी के इंटकवेल में इस प्रकार की जाली लगाई जाएगी। यह निर्णय इसलिए लिया गया है कि पिछले कुछ सालों में यह देखने में आया है कि बारिश के दिनों में जलकुंभी की वजह से साइफन में कचरा फंसता है। इस वजह से नदी से रॉ वॉटर को लिफ्ट कर फिल्टर प्लांट तक पहुंचाने में प्राब्लम होती है। कई बार मोटर भी बंद पड़ जाता है। नीचे उतरकर बाढ़ और अन्य आपदा की स्थिति में लोगों को साइफन को साफ करना पड़ता है। इस परेशानी से बचाव के लिए साइफन के आसपास लोहे की बड़ी रिंगनुमा जाली लगाने का निर्णय लिया गया है।



### पुलगांव नाला डायवर्सन पूरी तरह फ्लॉप, नहीं हुआ समस्या का समाधान

बता दें कि 24 एमएलडी फिल्टर प्लांट का इंटकवेल पुलगांव नाले के टेल में बना हुआ है। पूरे साल नाला से निस्तारी और अन्य गंदा पानी इस रास्ते से ही शिवनाथ नदी तक पहुंचता है। नाले के गंदे पानी को ही फिल्टर कर आधे शहर में सप्लाई होती है। इसे लेकर लगातार हो रही आपत्ति के बाद पुलगांव नाला डॉयवर्सन बनाया गया। स्टॉप डैम बनाकर नाले के पानी को रोका गया। ताकि नदी का पानी इंटकवेल तक पहुंचे। वर्तमान में स्टॉप डैम से पानी नहीं रुक रहा। नाला पूरी तरह से जलकुंभी से अटा हुआ है। विशेषज्ञों की मानें तो शिवनाथ नदी के ऊफान में रहने के दौरान उलट से डूबान के हालात बनेंगे।

### जांच की टीम उस तक नहीं पहुंच पाई, सात दिनों में सिर्फ आठ पकड़े गए, कई फरार

# लोहा चोरी का मास्टर माइंड संजय पहले था श्रमिक फिर बना ठेकेदार, अब इनाम घोषित करने की तैयारी


बीएसपी में लोहा चोरी के मामले में क्रेन ऑपरेटर गिरफ्तार, मास्टर माइंड संजय सिंह अब भी फरार

हरिभूमि न्यूज ⏩भिलाई

बीएसपी से लोहा चोरी करने के मामले को सात दिन बीत गए, लेकिन पुलिस अब तक पूरे मामले का भंडाफोड़ नहीं कर पाई है। मास्टर माइंड अब भी फरार है। खबर है कि यह पूरा मामला काफी हाई प्रोफाइल है। कई बड़े उद्योगपतियों और राजनीतिक व्यक्तियों की संलिप्तता की बात सामने आई है। पीएमओ में शिकायत भी उच्च स्तर पर बड़े दिग्गज लोगों द्वारा की गई, इसके बाद पुलिस ने मामले को जांच में लिया। अब तक आठ लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है, लेकिन ठेका एजेंसी के नाम का खुलासा अब तक नहीं किया गया। बीएसपी प्रबंधन भी चुप्पी साधे हुए हैं। अब तक बीएसपी और सीआईएसएफ के जवान तक कार्रवाई की आंच नहीं पहुंच पाई है। जबकि प्लांट में सीसी कैमरा लगे होने के बाद ही मेन गेट से बड़े ही आसानी से फ्लो डस्ट के भीतर लोहे का स्क्रैप को असानी छिपाकर पार किया गया। इस पूरे मामले में बीएसपी प्रबंधन की बड़ी लापवाही है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि खुर्सीपार पोस्ट आफिस के पास रहने वाला संजय सिंह को पुलिस इसका मास्टर माइंड बता रही है। संजय सिंह पहले बीएसपी में ठेकादरी में काम पर जाया करता था। उसके बाद खुद यहां ठेकेदार बन बैठा फिर धीरे-धीरे कर सेटिंग से लोहा पार कर करोड़ो रुपए का प्लांट को नुकसान पहुंचाया है। आज संजय करोड़ो रुपए का लोहा चोरी का मास्टर माइंड बन बैठा है। पुलिस ने जैसे ही बीएसपी के लोहा चोरी की कलई खुलना शुरु हुआ संजय सिंह को साजिश के तहत भगा दिया गया।


फरार आरोपी संजय सिंह

संजय सिंह को भगाने में इस लोहा के बड़े अवैध कारोबार में शामिल नामचीन लोग है। लेकिन पुलिस इन लोगों पर पैनी नजर लगाके रखी हुई है। संजय सिंह को पकड़ने जिले की पुलिस ईनाम की घोषणा करने वाली है। इसके पकड़े जाने के बाद पुलिस बड़ा खुलासा करेगी। अकलोरडीह हथखोज के एके ट्रेडर्स के नाम पर लोहा का बड़ा अवैध कारोबार संचालित था लेकिन पुलिस तक को इसकी जानकारी कैसे नहीं हो पाई। यह भी बड़ा सवाल है। इसके पहले भी प्लांट से चोरी हो चुका है लेकिन अंजाम तक पुलिस कभी नहीं पहुंच पाई।

## बीएसपी में लोहा चोरी का मामला

### पुलिस की जांच अब तक एके ट्रेडर्स के ईर्द-गिर्द

बताया गया है कि लोहा चोरी को लेकर पुलिस को बड़ा क्लू मिला था। इसे खोजने में ही पुलिस को सप्ताह भर से अधिक दिन का समय लग गया। इस कारण खुलासा होने में पुलिस को समय लग गया। एके ट्रेडर्स के गोदाम का संचालन सलीम करता था वह भी पुलिस पकड़ से बाहर है। इस लोहा चोरी के मामले में बीएसपी का जमकर किरकिरी हुई है। लेकिन अफसर इसे लेकर अपना बयान तक देने में आगे नहीं आ रहे है।इस तरह बीएसपी को पूरी तरह डूबाने में कुछ अफसर और चोट चुटे हुए है। संजय सिंह ही इस पूरे मामले का बडा कड़ी है। उसे पकड़ने के बाद कई खुलासे हो सकते हैं। बहरहाल इस मामले में अलग-अलग स्तर पर जांच प्रक्रिया जारी है।

### चार सालों में नामचीन लोगों से दोस्ती

खबर है कि लोहा चोरी का मास्टर माइंड संजय सिंह चार साल पहले तक सामान्य परिवार का था। लेकिन जैसे-जैसे शहर के नामचीनों से मेल मिलाप कर अपना रुतबा बढ़ा लिया। उसके बाद लोहे के कारोबार में कूद गया। नामचीन लोग इसे पूरी तरह से टेकओवर करने लगे। पुलिस के जांच में उसका खाता पीएनबी बैंक में होने की जानकारी मिलने पर पुलिस पहुंची थी। खातों में लाखों रुपए का ट्रांसफर होने की भी जानकारी है। उसके 10 बैंक खाता और 18 चेक जांच में पुलिस को मिला है। अब जब तक संजय नहीं मिल पाएगा, पुलिस भी मामले में कुछ नहीं कर पाएगी। फ्लू डस्ट की ठेका कंपनी पर भी जांच चल रही है। सालों से किस-किस को इसका ठेका मिला है। इस पर भी संदेह है।

### बयान दर्ज किया जा रहा

लोहा चोरी मामले में पुलिस ने अब तक आठ को गिरफ्तार किया है। टीम बनाई गई है मास्टर माइंड की खोजबीन जारी है। बीएसपी व सीआईएसएफ को नोटिस जारी किया गया है। इससे जुड़े लोगों का पुलिस बयान दर्ज कर रही है।

-**सुखनंदन राठौर**, एएसपी दुर्ग

# उप निरीक्षक ने मांगे 50 हजार, निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏩भिलाई



एनडीपीएस के एक मामले में आरोपी पक्ष को छोड़ने और लिखापढ़ी के नाम पर कथित रूप से रिश्वत मांगने का ऑडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। घटना भिलाई तीन थाना क्षेत्र का है। आडियों के वायरल होने के बाद एसएसपी विजय अग्रवाल ने गंभीरता से लेते हुए थाने में पदस्थ उप निरीक्षक तुलसीराम साहू को सस्पेंड कर दिया है। आरोप है कि मामले में उप निरीक्षक ने 50 हजार रुपए का डिमांड किया था। महिला का आरोप है कि अफसरों के नाम पर तुलसीराम साहू उससे रकम का डिमांड किया था। जिसमें 20 हजार थाना प्रभारी को देने की बात आडियों में कहा गया है। इसके अलावा खुर्सीपार थाने में पदस्थ उप निरीक्षक देव लाल साहू को भी सस्पेंड कर दिया है। दोनों पुलिस कर्मियों को पुलिस लाइन दुर्ग में अटैच किया गया है। इसकी जांच के लिए छावनी सीएसपी को जिम्मेदारी सौंपी गई है। जांच तीन दिनों के भीतर करने का निर्देश दिया गया है। शुरुआती जांच में वायरल आडियों के आधार पर दोनों अधिकारियों का आचरण संदिग्ध और विभागीय नियमों के विपरीत प्रतीत होने पर सस्पेंड किया गया है। मामले में सामने आई महिला जसबीर ने पुलिस कार्रवाई को लेकर कई गंभीर आरोप लगाए हैं। महिला के मुताबिक उसकी मां और एक युवक को बिना पर्याप्त आधार के पुलिस ने कार्रवाई के दायरे में लाया। उसकी मां को पूछताछ के लिए बुलाया गया था। महिला का आरोप है कि पहले 5 हजार रुपए लिया गया। उसके बाद और रकम की डिमांड उप निरीक्षक तुलसी राम ने डिमांड किया था।

# एमआर कंपनी के कोयला टैंक में लगी आग, बड़ा हादसा टला

**भिलाई**। हथखोज भिलाई तीन स्थित एमआर इंटरप्राइजेज कंपनी में मंगलवार देर रात कोयला टैंक में आग लगने का मामला सामने आया है। अचानक लगे इस भीषण आग की सूचना दमकल कर्मियों को मिलने पर कड़ी मशक्कत के बाद आाग पर काबू पाया गया।

मिली जानकारी के मुताबिक मंगलवार देर रात 2 बजे भिलाई 3 के हथखोज में स्थित एमआर इंटरप्राइजेज कंपनी के कोयला टैंक में अचानक आग लग गई। सूचना मिलते ही एक दमकल वाहन और अग्निशमन कर्मियों की टीम मौके पर पहुंची और दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। मौके पर पहुंचने के बाद अग्निशमन दल ने देखा कि कंपनी के भीतर कोयला टैंक में आग तेजी से फैल रहा है। आग की लपटे लगातार तेजी से निकल रही हैं। जिसे देख टीम ने तुरंत राहत और बचाव कार्य शुरू किया। आग पर काबू पाने के लिए पानी की बौछार की गई और आसपास के हिस्सों को सुरक्षित रखने का प्रयास किया गया।



**हो सकता था बड़ा नुकसान**

घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है। शुरुआती जानकारी के मुताबिक आग लगने के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल पाया है। जिला सेनानी एवं अग्निशमन अधिकारी नागेंद्र कुमार सिंह के मुताबिक अग्निशमन कर्मियों ने जोखिम उठाते हुए आग को फैलने से रोका। अगर समय रहते आग पर नियंत्रण नहीं पाया जाता तो आसपास के औद्योगिक क्षेत्र में बड़ा नुकसान हो सकता था।

# दिनभर धूप छांव, आज अंधड़-बारिश के आसार

**भिलाई**। भीषण गर्मी के बीच नौतपा गुजर गया। बुधवार को जिले के तापमान में गिरावट दर्ज की गई। दिन का अधिकतम तापमान 40.8 डिग्री रहा, जो समान्य से 1.1 डिग्री कम रहा। इसी प्रकार न्यूनतम तापमान 27.6 डिग्री रिकॉर्ड किया गया, जो समान्य से 1.6 डिग्री कम रहा। इस प्रकार जिले का तापमान इन दिनों समान्य से कम है। मौसम विभाग की मानें ने आगामी दिनों में अंधड़ और बारिश के आसाप बन रहे हैं। देश में केरल के रास्ते मानसून की दस्तक होने वाली है। इस वजह से अंधड़ और तेज गरज चमक के साथ बारिश की संभावना बन रही है। मौसम विभाग के अनुसार उत्तर-पश्चिम ओडिशा और आसपास बने चक्रवातीय परिसंचरण, द्रोणिका और बढ़ी हुई नमी के कारण प्री-मानसून गतिविधियां सक्रिय हुई हैं। इसके चलते मौसम में तेजी से बदलाव देखने को मिल रहा है।



मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक आंधी-बारिश की सबसे बड़ी वजह प्रदेश के ऊपर सक्रिय तीन अलग-अलग मौसमी सिस्टम हैं। उत्तर-पश्चिम ओडिशा और आसपास 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक चक्रवातीय परिसंचरण बना हुआ है। इसके साथ उत्तर-पश्चिम उत्तर प्रदेश से मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और ओडिशा तक द्रोणिका फैली हुई है। इस प्रकार पूरे दिन धूप और बादलों की आंखमिचौली चलते रही। दोपहर 1 बजे तक बादलों की वजह से तापमान समान्य से कम रहा। वहीं दोपहर बाद धूप खिली, जिससे गर्मी बढ़ी। शाम होते-होते एक बार फिर मौसम बदल गया।

### खुर्सीपार में जर्जर भवन पर चला निगम का बुलडोजर

# असामाजिक गतिविधियों के अड्डे को ढहाया

हरिभूमि न्यूज ⏩भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई ने जोन-4 खुर्सीपार क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 49 स्थित हार्ट बाजार के पास एक पुराने जर्जर भवन को जेसीबी की मदद से ध्वस्त किया। निगम प्रशासन ने यह कार्रवाई क्षेत्र में लंबे समय से संचालित हो रही अवैध एवं असामाजिक गतिविधियों की शिकायत मिलने के बाद की। भवन काफी समय से जर्जर अवस्था में था और वहां असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता था। स्थानीय लोगों की शिकायत थी कि भवन के भीतर शराबखोरी, गांजा सेवन और जुआ जैसी गतिविधियां संचालित हो रही थीं, जिससे आसपास के



रहवासियों को लगातार परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। क्षेत्र में कानून-व्यवस्था और सुरक्षा को लेकर भी नागरिकों में चिंता बनी हुई थी। शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए नगर निगम भिलाई के राजस्व विभाग, बेदखली विभाग तथा पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की। टीम ने जेसीबी के माध्यम से पूरे जर्जर भवन को ध्वस्त कर दिया, जिससे असामाजिक गतिविधियों के इस कथित अड्डे का पूरी तरह सफाया हो गया। कार्रवाई के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस बल भी तैनात रहा। निगम अधिकारियों ने बताया कि शहर में अवैध कब्जों, जर्जर भवनों तथा असामाजिक गतिविधियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। नागरिकों से भी अपील की गई है कि अपने क्षेत्र में इस प्रकार की गतिविधियों की जानकारी तत्काल प्रशासन को दें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

# लाठी डंडा से पीट-पीटकर हत्या दो को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**भिलाई**। पत्नी के साथ नशे की हालत में मारपीट करने वाले पति को आक्रोशितों ने लाठी डंडे से पीट-पीटकर हत्या करने के मामले में पुलिस ने दो को गिरफ्तार किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि ग्राम मोहंदी के खाननाडी निवासी नीलकंठ साहू अपनी पत्नी सावित्री साहू के साथ 1 मई की रात मारपीट कर रहा था। जहां इंद्रापारा भिलाई तीन निवासी राजेश वर्मा, ग्राम मोहंदी बांधापार अमर सिंह यादव मौजूद थे। सावित्री के साथ मारपीट होता देख राजेश और अमर ने लाठी डंडे से नीलकंठ से मारपीट करना शुरु कर दिया। उसे सिर पर चोट पहुंचाने पर हाथ मुक्का से भी वार कर गंभीर रुप से घायल कर दिया। घटना में नीलकंठ के शरीर पर सिर, पैर, सीने, हाथ मे गंभीर चोट आई। तुरंत उसे गंभीर हालत में अस्पताल पहुंचाया गया जहां दूसरे दिन दम तोड़ दिया। मृतक की पत्नी की शिकायत पर पुलिस ने राजेशऔर अमर को गिरफ्तार किया गया। दोनों आरोपियों को पुलिस ने न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा है।




## खबर संक्षेप



### जिले में कचरा प्रबंधन को लेकर अभियान 5 से

दुर्ग। जिले को देश का सबसे स्वच्छ और आदर्श जिला बनाने के उद्देश्य से एक बड़े महा-अभियान की शुरुआत की गई है। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा सिविल अपील में पारित कड़े आदेशों और विगत 5 मई 2026 को जारी गाइडलाइंस के परिपालन में जिले के ग्रामीण इलाकों में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2026 को पूरी कड़ाई से लागू करने का निर्णय लिया गया है। इसके तहत अब जिले में खुले में कचरा फेंकने, डंप करने, उसे जलाने या दबाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया है। नियमों की चौबीसों घंटे सख्त निगरानी करने और पर्यावरणीय मानकों को बनाए रखने के लिए जिला स्तर पर एक विशेष टास्क फोर्स समिति का भी गठन किया गया है, जो कचरा प्रबंधन से जुड़े हर मोर्चे पर पैनी नजर रखेगी।इस कार्यशाला में जनपद पंचायत दुर्ग, धमधा एवं पाटन की समस्त 300 ग्राम पंचायतों के सरपंचों, सचिवों समेत राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान व स्वच्छ भारत मिशन के 300 से अधिक मैदानी अधिकारियों और कर्मचारियों बीपीएम, एरिया कोऑर्डिनेटर, पीआरपी, एफएल सीआरपी, कृषि, पशु व पोषण सखियों को विशेष प्रशिक्षण दिया गया।

### सिकलिंग पीड़ित दीपिका की मौत का मामला

# प्रशासनिक टीम ने की आठ घंटे की जांच मृतक युवती के शरीर में 5.4 ग्राम था ब्लड

## पोस्टमार्टम रिपोर्ट का भी है टीम को इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग



सिकलिंग पीड़ित 22 वर्षीय दीपिका की मौत मामले की जांच जिले की प्रशासनिक टीम ने बुधवार को शुरू कर दी। अपर कलेक्टर योगिता देवांगन व सीएमएचओ डॉ. मनोज दानी ने जिला अस्पताल के डॉक्टरों व स्टॉफ के बयान दर्ज किए। स्टेशन मरोदा निवासी योगिता के शरीर में महज 5.4 ग्राम ब्लड था। इसलिए उसे ब्लड चढ़ाने की सख्त आवश्यकता थी। केजुअलिटी, फिमेल वार्ड और ब्लड बैंक के डॉक्टरों व स्टॉफ से करीब 8 घंटे तक पूछताछ की गई। सुबह 10 बजे से शाम करीब 6 बजे तक टीम ने बयान दर्ज किए हैं।

### ब्लड लेने आए थे दीपिका के पिता

टीम ने ब्लड बैंक में लगे सीसीटीवी कैमरे भी खंगाले। यहां सुबह 11.48 बजे मृतिका के पिता मन्नूराम ब्लड बैंक अपनी बेटी दीपिका के लिए ब्लड लेने आए थे यह पुष्टि सीसीटीवी फुटेज से हो गई है। इसके पहले सीएमएचओ डॉ. एके मिंज ने ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. जेपी मेश्राम से पूछताछ की थी तो उन्होने परिजनों के आने से साफ इनकार किया था। जांच टीम को दिए बयान में स्टॉफ ने यह कहा है कि ब्लड सेंपल लेकर दीपिका के पिता नहीं आए थे इसलिए उन्हे सेंपल लाने कहा गया लेकिन वे दोबारा नहीं आए। जबकि दीपिका के माता-पिता का कहना है कि एक्चेंज डोनर लाने पर ही ब्लड देंगे यह कहा गया। इसलिए दीपिका को ब्लड नहीं चढ़ पाया और उसकी मौत हो गई।

### दर्द व बुखार के लिए हुई थी भर्ती

जांच टीम ने दीपिका का इलाज करने वाले डॉक्टर सन्नी का भी बयान लिया है। डॉक्टर ने दीपिका को दर्द और बुखार संबंधी समस्या के लिए जिला अस्पताल में भर्ती करवाकर इलाज करना बताया है। टीम परिजनों का बयान अभी नहीं लिया है। वहीं सिविल सर्जन डॉ. एके मिंज ने बताया कि दीपिका का पोस्टमार्टम रिपोर्ट अभी नहीं आई है। रिपोर्ट आने से जांच में मदद मिलेगी।

### कांग्रेसियो ने किया सिविल सर्जन कार्यालय का घेराव दोषियों पर अपराध दर्ज करने की मांग, उग्र आंदोलन की चेतावनी

दीपिका के मौत मामले में बुधवार को जिला कांग्रेस कमेटी ने सिविल सर्जन कार्यालय का घेराव किया। अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल के नेतृत्व में जिला अस्पताल पहुंचे और विरोध प्रदर्शन किया। गंभीर लापरवाही करने वालों पर अपराध दर्ज करवाने और कड़ी कार्यवाही की मांग की। लगभग 2 घंटे जिला अस्पताल में कांग्रेसियों ने ब्लड बैंक प्रभारी , जिला अस्पताल प्रबंधन से लेकर , स्वास्थ्य मंत्री प्रभारी मंत्री और मुख्यमंत्री के खिलाफ नारेबाजी की। जिला कांग्रेस अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल ने कहा कि जिला चिकित्सालय दुर्ग में लगातार सामने आ रही गंभीर लापरवाहियों एवं स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की बदहाल स्थिति को लेकर आमजन परेशान है 5 दिन पूर्व ही कांग्रेस ने ज्ञापन सौंपकर , मर्चुरी, ब्लड बैंक व अन्य दुर्व्यवस्था को लेकर ज्ञापन दिया था फिर एक अत्यंत दुखद एवं चिंताजनक घटना सामने आई है। सिकल सेल एनीमिया से पीड़ित दीपिका को मुफ्त में रक्त उपलब्ध किया जाना उसका अधिकार था, बीमारी के लिहाज से युवती को निशुल्क रक्त मिलना चाहिए था, किंतु लगभग 48 घंटे तक रक्त उपलब्ध नहीं होने के कारण उसकी मृत्यु हो गई। यह घटना मानवता एवं स्वास्थ्य सेवा व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिन्ह खड़ा करती है।




### कांग्रेसियों ने कहा- मामले में निष्पक्ष जांच कमेटी गठित हो

कांग्रेसियों की मांग है कि इस प्रकरण की जांच हेतु जिला प्रशासन के स्तर पर स्वतंत्र एवं निष्पक्ष जांच समिति गठित की जाए। रक्त उपलब्धता व्यवस्था की संपूर्ण समीक्षा कर जवाबदेही तय की जाए। नहीं तो कांग्रेस दोबारा से उग्र आंदोलन प्रबंधन के खिलाफ करेंगी। इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष अलताफ अहमद,नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले रायसिंह दिकोला,प्रेमलता साहू, नासिर खोखर,सुशील भारद्वाज, निकिता मिलिंद,राहुल शर्मा, आनंद कपूर ताम्रकार गुरदीप भाटिया,मुकेश साहू,खुर्शीद अहमद पार्षद मनीष सोनी,पूर्व पार्षद अशोक मेहरा,राजकुमार वर्मा,पोषण साहू, बृजेंद्र भारद्वाज आदि मौजूद रहे।

# हेमचंद यादव यूनिवर्सिटी में अनियमितता पर प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

हेमचंद यादव विश्वविद्यालय में कथित वित्तीय अनियमितताओं एवं भ्रष्टाचार के आरोपों को लेकर एबीवीपी ने प्रदर्शन किया। इस दौरान पांच सूत्रीय मांगपत्र भी सौंपा। परिषद ने विश्वविद्यालय प्रशासन की कार्यप्रणाली पर उठ रहे गंभीर प्रश्नों के मद्देनजर मामले की निष्पक्ष, पारदर्शी एवं उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की। विद्यार्थी परिषद ने कहा कि उच्च शिक्षा संस्थान की विश्वसनीयता, शैक्षणिक वातावरण तथा विद्यार्थियों के हितों को प्रभावित हो रही है। इसलिए पूरे मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। इस दौरान विश्वविद्यालय से संबंधित सभी वित्तीय एवं प्रशासनिक अनियमितताओं की उच्च स्तरीय जांच, जांच होने तक अधिकारियों को प्रशासनिक दायित्वों से पृथक रखा जाए, ऑडिट कराया जाए, दोषियों पर वैधानिक कार्रवाई हो, जांच को सार्वजनिक किया जाए।

- सौंपा 5 सूत्रीय मांगपत्र, उग्र आंदोलन की चेतावनी

विद्यार्थी परिषद ने कहा कि विश्वविद्यालय केवल एक शैक्षणिक संस्था नहीं, बल्कि हजारों विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण का केंद्र है। ऐसे में भ्रष्टाचार एवं वित्तीय अनियमितताओं के आरोप अत्यंत गंभीर विषय हैं, जिन पर तत्काल कार्यवाही होना आवश्यक है।दुर्ग नगर मंत्री गजानंद साहू ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन को आरोपों पर मौन रहने के बजाय पारदर्शिता के साथ जांच सुनिश्चित करनी चाहिए। जिला संयोजक रूपेश कुर्रे ने कहा विश्वविद्यालय की सरकारी गाड़ी का उपयोग निजी कार्यों के लिए किया गया है और उसके मरम्मत का खर्च विश्वविद्यालय के खाते से वहन किया गया है, तो यह अत्यंत गंभीर विषय है।

साइंस महाविद्यालय दुर्ग इकाई अध्यक्ष निमिष देवांगन ने कहा कि विद्यार्थी परिषद छात्र हितों से जुड़े किसी भी मुद्दे पर समझौता नहीं करेगी तथा विश्वविद्यालय में जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए निरंतर संघर्ष करती रहेगी।

# बिना बिल्डिंग परमिशन नल कनेक्शन की नहीं मिलेगी अनुमति

दुर्ग। नगर पालिक निगम क्षेत्र अंतर्गत वार्ड 1 से 10 तक के विकास कार्यों एवं जनसमस्याओं की समीक्षा को लेकर महापौर अलका बाघमार ने डाटा सेंटर में बैठक आयोजित की। बैठक में एमआईसी सदस्य, संबंधित वार्डों के पार्षद एवं निगम अधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान वार्डवार समस्याओं एवं आवश्यक विकास कार्यों पर विस्तार से चर्चा की गई।

- वार्ड की समस्याओं पर चर्चा के दौरान महापौर ने दिए निर्देश

बैठक में महापौर ने वार्ड क्रमांक 1 से 10 तक के पार्षदों से बारी-बारी उनके क्षेत्रों की समस्याओं एवं आवश्यकताओं की जानकारी ली। पार्षदों ने साफ-सफाई व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति, सड़क एवं नाली निर्माण, पाइपलाइन विस्तार, पाइपलाइन लीकेज, बोर रिपेयरिंग, सुलभ शौचालयों की मरम्मत, प्रकाश व्यवस्था तथा नालियों की सफाई से संबंधित मुद्दों को प्रमुखता से रखा। अधिकारियों को निर्देशित करते हुए उन्होंने कहा कि बिना बिल्डिंग परमिशन किसी भी नए नल कनेक्शन की अनुमति नहीं दी जाएगी। उन्होंने कहा कि कई स्थानों पर निजी नल कनेक्शन होने के बावजूद सार्वजनिक नल चालू हैं, जिससे अनावश्यक जल व्यय हो रहा है।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को इस पर तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए। महापौर ने कहा कि पार्षदों द्वारा उठाई गई समस्याओं का निराकरण समय-सीमा में सुनिश्चित किया जाए तथा कार्य पूर्ण होने के बाद संबंधित वार्ड पार्षदों को इसकी जानकारी भी दी जाए। उन्होंने सड़क सीमा क्षेत्र में किए गए अतिक्रमण को तत्काल हटाने एवं शहर के मुख्य मार्गों सहित सभी वार्डों में नियमित साफ-सफाई व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। इस अवसर पर नरेंद्र बंजारे, लीना दिनेश देवांगन, ज्ञानेश्वर ताम्रकर, निलेश अग्रवाल, गोविंद्र देवांगन, रंजीता पाटिल, कार्यपालन अभियंता विनीता वर्मा, प्रकाश चंद थवानी, मोहमद सलीम सिद्दीकी, सहायक अभियंता गिरीश दीवान सहित अन्य मौजूद थे।



### थम नहीं रहा घटिया निर्माण, महापौर ने फिर पकड़ी गड़बड़ी

दुर्ग। शहर में घटिया निर्माण थमने का नाम नहीं ले रहा है। खास तौर पर पेवर ब्लॉक के मामले में लगातार शिकायतें सामने आ रही है। बुधवार को एसपी बंगला के पीछे सिविल लाइन में चल रहे पेवर ब्लॉक के काम को देखने के लिए महापौर अल्का बाघमार मौके पर पहुंची। इस दौरान घटिया निर्माण देख उन्होंने फटकार लगाई। साथ ही फिर से पेवर ब्लॉक को उखाड़कर गुणवत्तायुक्त पेवर ब्लॉक लगाने के निर्देश दिए। बता दें कि इससे पहले जवाहर नगर, पुरानी गंजमंडी में भी पेवर ब्लॉक घटिया लगाए जाने का मामला सामने आया है। महापौर ने उस समय भी ठेकेदार और अधिकारियों को फटकार लगाई थी। इसके बाद भी शहर में घटिया पेवर ब्लॉक का काम बदस्तूर जारी है। निरीक्षण के दौरान लोक कर्म प्रभारी देव नारायण चन्द्राकर, शेखर चन्द्राकर, सहायक अभियंता हरिशंकर साहू और ठेकेदार मौजूद थे। निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य में तकनीकी मानकों एवं गुणवत्ता संबंधी गंभीर खामियां पाए जाने पर महापौर ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित ठेकेदार को तत्काल खराब हिस्से को उखाड़कर पुनः गुणवत्तापूर्ण निर्माण करने के निर्देश दिए।

# किसानों ने मक्का फसल की राशि दिलाने लगाई गुहार

**दुर्ग**। जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर अभिजीत सिंह ने जनदर्शन कार्यक्रम में पहुंचे जनसामान्य लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने जनदर्शन में पहुंचे सभी लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और समुचित समाधान एवं निराकरण करने संबंधित विभागों को शीघ्र कार्यवाही कर आवश्यक पहल करने को कहा। जनदर्शन में डिप्टी कलेक्टर उत्तम ध्रुव भी उपस्थित थे। जनदर्शन में अवैध कब्जा, आवासीय पट्टा, प्रधानमंत्री आवास, भूमि सीमांकन कराने, सीसी रोड निर्माण, ऋण पुस्तिका सुधार, आर्थिक सहायता राशि दिलाने सहित विभिन्न मांगों एवं समस्याओं से संबंधित 164 आवेदन प्राप्त हुए। जनदर्शन में प्राप्त विभिन्न आवेदनों पर कलेक्टर ने तत्काल संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों से फोन पर जानकारी ली और उक्त आवेदनों पर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। दुर्ग व धमधा के किसानों ने मक्का फसल की रकम दिलाने आवेदन दिया। किसानों ने बताया कि पापकार्ननिका प्रा.लि. ग्राम पांगरी खुर्द राजनांदगांव से मक्का बीज लेकर मक्के की खेती की गई। कंपनी द्वारा मक्का फसल खरीदने के बाद निर्धारित समय में भुगतान करने का वादा किया था। किसानों ने बताया कि ग्राम पांवरी खुर्द, बोईरडीह, ओडेरी, भर्रीटोला सहित अन्य गांवों के किसानों ने कंपनी को मक्का फसल बेची।

### खुर्सीपार में चेकिंग अभियान, संदिग्ध हिरासत में

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

पुलिस ने अभियान चलाकर देवार पारा में गांजा, शराब, धारदार हथियार जब्त किया है। खुर्सीपार पुलिस ने बताया कि देवर पारा बस्ती में अवैध गांजा बेचने की सूचना पर पुलिस ने 50 पुलिस जवानों का बल चेकिंग करने पहुंची थी। चेकिंग के दौरान मादक पदार्थ खंडहर भवन , कबाड़ के बोरे, कबाड़ी सामान के बीच में छिपाकर रखा गया था। एक कबाड़ का बोरा, खंडहर भवन, मकान के छत पर चेकिंग की गई। भारी मात्रा में गांजा, गांजा की पुड़िया बनाने वाले प्लास्टिक रैपर, देसी मसाला, गोवा पौआ मिला है। पुलिस ने संदिग्ध व्यक्ति को भी पकड़ा है। पुलिस लगातार उनसे पूछताछ कर रही है।

### सेमरिया में गांजा के साथ युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

अवैध रूप से गांजा बेचने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। नंदिनी पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर ग्राम ओखरा स्थित नारधा सेमरिया तिराहा चौक के पास अवैध रूप से गांजा रखकर बेच रहा था। पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को पकड़ा लिया। पूछताछ करने पर युवक ने अपना नाम पोपचंद मारकण्डे बताया है। उसके पास से पुलिस ने 2.840 किग्रा. गांजा जब्त किया। जिसकी कीमत 48 हजार रुपए आंकी गई है। कार्रवाई में नंदिनी पुलिस का योगदान रहा है। इस क्षेत्र में पहले भी गांजा तस्करी की शिकायत मिल चुकी है। संदिग्धों को गिरफ्तार भी किया जा चुका है।

### मंत्री गजेन्द्र यादव ने ली समीक्षा बैठक

# बिजली की समस्याओं पर जनप्रतिनिधियों ने अफसरों पर दागे सवाल, की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

शिक्षामंत्री गजेन्द्र यादव ने बुधवार को दुर्ग पीडब्लूडी सभागार में दुर्ग एवं बेमेतरा जिले के सर्किल विद्युत विभाग की समीक्षा बैठक लेकर विद्युत व्यवस्था की विस्तृत जानकारी लिए। बैठक में वर्तमान विद्युत आपूर्ति, बिजली कटौती की स्थिति तथा आगामी खरीफ एवं खेती-किसानी सीजन की तैयारियों की समीक्षा की गई।

गजेन्द्र यादव ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि भीषण गर्मी के दौरान आमजन को निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए तथा अनावश्यक बिजली कटौती में कमी लाने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं। उन्होंने कहा कि आगामी खरीफ सीजन को ध्यान में रखते हुए किसानों को पर्याप्त एवं सुचारु विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए आवश्यक रखरखाव कार्य, ट्रांसफार्मर उपलब्धता तथा विद्युत वितरण व्यवस्था को मजबूत बनाने पर विशेष ध्यान दिया जाए तथा शासन की योजनाओं को अमल करने कहा गया।

### किसानों को मिले पर्याप्त बिजली, अफसर करे सुनिश्चित

मंत्री ने कहा कि आमजन एवं किसानों को बेहतर विद्युत सुविधाएं उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। प्रदेश सरकार ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में विद्युत व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए लगातार कार्य कर रही है तथा जनप्रतिनिधियों के सुझावों के अनुरूप आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाए जाएंगे। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे, बेमेतरा जिला पंचायत कल्पना योगेश तिवारी, उपाध्यक्ष पवन शर्मा, जनपद पंचायत के अध्यक्ष, कार्यपालक निदेशक दुर्ग क्षेत्र संजय खंडेलवाल, एसई जे जगन्नाथ, आरके मिश्रा उपस्थित रहे।



### बिजली आपूर्ति को लेकर जनप्रतिनिधियों ने गिनाई समस्याएं

बैठक में उपस्थित अधिकारियों से विभिन्न क्षेत्रों की विद्युत व्यवस्था की बिंदुवार जानकारी ली गई। इस दौरान दुर्ग, पाटन, कुम्हारी, अहिवारा, धमधा एवं बेमेतरा क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्रों से संबंधित विद्युत समस्याओं एवं सुझावों को मंत्री श्री यादव के समक्ष रखा। मंत्री श्री यादव ने संबंधित अधिकारियों को सभी समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने तथा जनता की शिकायतों के प्रति संवेदनशीलता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।



## खबर संक्षेप



### आंगनबाड़ी केन्द्र भवन का लोकार्पण व पौधरोपण

**उतई।** रिसाली निगम क्षेत्र अंतर्गत ग्राम डुन्डेरा में सुभाष चौक में निर्मित नवीन आंगनबाड़ी केन्द्र भवन का लोकार्पण वार्ड पार्षद खिलेन्द्र चंद्राकर की अध्यक्षता में किया गया। इस दौरान पर्यावरण कार्यकर्ता रोमशंकर यादव द्वारा भेंट किए गए पौधे भी उनके मार्गदर्शन में आंगनबाड़ी केन्द्र परिसर में अतिथियों के द्वारा रोपित किए गए। कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि गोविन्द राम साहू, पार्षद वार्ड 36 रोहित धनकर, इंद्रजीत सोनवानी, आंगनबाड़ी सुपर वाइजर शिल्पा श्रीवास्तव, बुधराम टंडन, पूर्व एल्डरमेन तरुण बंजारे, नंदकुमार साहू, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सुनीता देवांगन, बीना यादव, अन्नपूर्णा कौशिक, हुलसी साहू, हेमलता साहू, सहायिका दिलेश्वरी साहू, राजेश्वरी गायकवाड़, ललिता साहू, पूजा साहू आदि उपस्थित थे।

## निधन

### महेश (रेवा राम) वर्मा

**सेलूद।** मंडल पारा सेलूद निवासी महेश वर्मा उम्र 48 वर्ष का



आकस्मिक निधन मंगलवार को हो गया। उनका अंतिम संस्कार उनके कुँआ खार के खेत में किया गया। वे महावीर वर्मा के छोटे भाई, सोम वर्मा व ओम वर्मा के पिता और प्रियांशु वर्मा शौर्य वर्मा के चाचा थे।

### धर्मनाथ पाण्डेय

**दुर्ग।** न्यू आदर्श नगर निवासी सेवानिवृत्त उप पुलिस अधीक्षक



धर्मनाथ पांडेय (95 वर्ष) निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार बुधवार दोपहर 3 बजे शिवनाथ नदी में किया गया। स्व. धर्मनाथ पांडेय दुर्ग पुलिस मुख्यालय सहित 11वीं बटालियन भिलाई और पुलिस मुख्यालय में विभिन्न पदों पर सेवाएं देते हुए उपपुलिस अधीक्षक एम के पद से सेवानिवृत हुए। वे अपने पीछे पुत्रवधू मीना पांडेय, पोता अभिषेक पांडेय, डॉ. अमित पांडेय सहित भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।

### विनोद कुमार चंद

**भिलाई।** सेक्टर-2, सड़क-7



निवासी विनोद कुमार चंद (60 वर्ष) का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गुरुवार 4 जून को दोपहर 3 बजे रामनगर मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे राजेश चंद, विनयचंद, प्रमोद चंद के भाई और देवेश चंद के पिता थे। उनके निधन पर क्षत्रिय कल्याण सभा भिलाई नगर ने शोक व्यक्त किया है।

### सुनिल कुमार खोसला

**भिलाई।** अवंती उद्यान मार्ग,



मैत्रीकुंज रिसाली निवासी सेवानिवृत्त बीएसपी कर्मी सुनिल कुमार खोसला का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 4 जून सुबह 11 बजे रिसाली मुक्तिधाम के लिए निकाली जाएगी।

### सांसद बघेल व 19 ग्रामपंचायतों के संयुक्त हस्ताक्षर से पीएचसी के लिए आवेदन

# सुशासन तिहार में उमड़ी भीड़ सरकार पर लोगों के विश्वास का प्रतीक : बघेल

**सर्वर डाउन रहने के कारण परिवहन विभाग के कार्य से नाराज रहे ग्रामीण**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

छत्तीसगढ़ सरकार आम जनता के द्वार भावना के तहत आमजनता के साथ सुशासन तिहार मनाने सरकार सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारी के साथ बुधवार को जामगांव आर पहुंचे। शिविर अतिथि दीर्घा में सांसद विजय बघेल जिला पंचायत सभापति कल्पना नारद साहू, नीलम राजेश चंद्राकर, जनपद उपाध्यक्ष कमलेश वर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष कमलेश साहू, भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष नारद साहू, जनपद सभापति रवि सिन्हा, जनपद सभापति प्रणव शर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता कामता प्रसाद साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष धनराज साहू, मंडल महामंत्री पूर्णेन्द्र सिन्हा, जामगांव आर सोसाइटी अध्यक्ष भगवान चंद्राकर, शासकीय कालेज जनभागीदारी अध्यक्ष नरेश केला, जनपद सदस्य रामकुमार चंद्राकर, खेमलाल देशलहरे, शुभम बंछोर, नरोत्तम निषाद, चंद्रिका साहू, उपसरपंच मुकेश साहू, पूर्व सरपंच के एल साहू, टेसराम साहू, अंगेश्वर साहू आदि मंचासीन रहे। शिविर को कुशल मार्गदर्शन देने एसडीएम लवकेश ध्रुव एवं जनपद सीईओ जोगेन्द्र साहू अपनी टीम सहित सजगता पूर्वक सक्रिय रहे।प्रधानमंत्री आवास की चाबी, ट्रायसिकल, प्रमाण पत्र आदि वितरण सांसद के हाथों शिविर में हुआ।




### समय काल परिस्थिति के अनुरूप मोदी द्वारा देश का संचालन अतुलनीय बेजोड़

सांसद विजय बघेल ने कहा कि समय काल परिस्थिति के अनुकूल देश की कुशल संचालन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश हित में बेजोड़ अतुलनीय भूमिका निभा रहे है, विपक्ष पर तंज कसते हुए सांसद विजय बघेल ने कहा कि अतीत के आइने में अतीत की सरकारों का अध्ययन ठीक से कर ले फिर वर्तमान नरेंद्र मोदी सरकार का देश हित में संचालन समझ में आ जाएगा। सांसद विजय बघेल ने कहा कि भाजपा साय सरकार ने 1 माह 3 दिन सुशासन तिहार चलाया जिसमें पाटन विस में सर्वाधिक भीड़ जामगांव आर के सुशासन तिहार अंतिम दिवस नजर आ रही है। सुशासन तिहार में उमड़ी भीड़ ने सरकार के सुशासन तिहार पर विश्वास की मुहर लगाई है,सुशासन तिहार में काम होने का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि अधिकारी कर्मचारी जनता के सेवक है जनता को तकलीफ ना हो ऐसा अपने पद गरिमा के अनुकूल सेवा दे। जिला पंचायत सभापति कल्पना नारद साहू ने साय सरकार की जनहितकारी योजनाओं से आमजन को अवगत कराए सजगता पूर्वक लाभ उठाने की अपील की।

### उठी जामगांव आर में शासकीय अस्पताल की मांग

जामगांव आर के सुशासन तिहार में चहुँ ओर एक ही आवाज गूंजने लगी। जामगांव आर में पीएचसी अविलंब खोलो, सरकार 20 साल पहले से हॉस्पिटल हेतु भवन हो चुकी है तैयार। आसपास के डेढ़ दर्जन से अधिक ग्राम पंचायतों के सरपंचों एवं सांसद विजय बघेल के संयुक्त हस्ताक्षर युक्त आवेदन भाजपा के जन्म काल से जुड़े वरिष्ठ भाजपा नेता 73 वर्ष पार कर चुके कामता प्रसाद साहू के नेतृत्व में अविलंब जामगांव आर में पीएचसी खोलने की मांग रखी गई और आवेदन का पंजीयन कराया गया।एक माह तीन दिन चले सुशासन तिहार के अंतिम दिवस बुधवार को जामगांव आर में उमड़ी भीड़ देख सभी अचंभित रहे।

### इन विभागों के टेबल पर अधिकारी रहे मौजूद

शिविर में स्वास्थ विभाग,विद्युत विभाग, कृषि विभाग,आदिम जाति अनुसूचित जाति पिछड़ा वर्ग विभाग,उद्यानिकी विभाग,खनिज विभाग, खाद्य विभाग,पंचायत विभाग, ,परिवहन विभाग,पशुपालन विभाग,,मछली विभाग, महिला बाल विकास विभाग,राजस्व विभाग, ,लोक निर्माण विभाग, लोक स्वास्थ यांत्रिकी विभाग,,,क्षेत्रीय बैंक विभाग,परिवार कल्याण विभाग, वाणिज्य विभाग, श्रम विभाग, ,समाज कल्याण विभाग, सहकारिता विभाग,क्रेडा विभाग ने सुशासन तिहार जामगांव आर में अपनी उपस्थिति दर्ज कराके आमजनता से रूबरू हुए। जामगावआर सुशासन शिविर में कुल 2373 आवेदन आए जिसमें सबसे ज्यादा आवेदन वाले 10 विभाग प्रधानमंत्री आवास 670, राजस्व 323, एसबीएम 271, स्वास्थ्य विभाग 252, पंचायत विभाग 207, मनरेगा 202, बिजली विभाग 87, वन्यप्राण विभाग 79, महिला बाल विकास 56 और समाज कल्याण के 50 आवेदन आए।

## मनरेगा के तहत किया जा रहा तालाब गहरीकरण और सफाई कार्य जारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

ग्राम पंचायत आलबरस में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के अंतर्गत तालाब गहरीकरण एवं साफ-सफाई का कार्य कराया जा रहा है। इस कार्य का मुख्य उद्देश्य वर्षा ऋतु में अधिक से अधिक पानी का संग्रहण करना तथा किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त जल उपलब्ध कराना है।

■ जल संरक्षण पर दिया जा रहा विशेष जोर

ग्राम पंचायत द्वारा तालाब की सफाई और गहरीकरण से जल संरक्षण को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे बारिश का पानी लंबे समय तक तालाब में सुरक्षित रह सके। इससे क्षेत्र के किसानों को खेती-किसानी के दौरान पानी की आवश्यकता होने पर लाभ मिलेगा। इस अवसर पर पूर्व सैनिक भुवन लाल देशमुख सरपंच ग्राम पंचायत आलबरस ने ग्रामीणों को ग्राम पंचायत की विभिन्न मूलभूत सुविधाओं एवं विकास कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पंचायत क्षेत्र में जल संरक्षण, रोजगार सृजन और ग्रामीण विकास के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं तथा आम जनता के सहयोग से गांव के विकास को नई दिशा दी जा रही है। ग्रामीणों ने मनरेगा के तहत चल रहे कार्यों की सराहना करते हुए इसे जल संरक्षण और किसानों के हित में महत्वपूर्ण कदम बताया।

## भक्त प्रह्लाद की भक्ति से प्रसन्न होकर भगवान ने लिया नरसिंह अवतार : नागेंद्र महाराज

**सेलूद।** बजरंग चौक सेलूद के वार्ड क्रमांक 02 में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन श्रीधाम वृंदावन से पधारे कथावाचक नागेंद्र महाराज ने



श्रद्धालुओं को भगवान की भक्ति और भक्त प्रह्लाद की कथा का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार गाय को उसके बछड़े से दूर कर दिया जाए तो वह क्रोध में दौड़ पड़ती है, उसी प्रकार भगवान भी अपने सच्चे भक्तों पर आने वाले संकट को सहन नहीं करते और उनकी रक्षा के लिए स्वयं प्रकट हो जाते हैं। प्रह्लाद का जन्म राक्षस कुल में हुआ था, लेकिन उनके हृदय में भगवान विष्णु के प्रति अटूट श्रद्धा और भक्ति थी। उनके पिता हिरण्यकश्यप ने उन्हें अनेक प्रकार की यातनाएं दीं, किंतु वे भगवान के नाम से कभी विचलित नहीं हुए। अंततः भक्त प्रह्लाद की रक्षा के लिए भगवान ने नरसिंह अवतार धारण कर हिरण्यकशिपु का वध किया ।

## एनपीएस और ओपीएस कटौती में कर्मचारियों के सेवानिवृत्ति लाभ पर अनिश्चितता : फेडरेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन



छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन के प्रतिनिधिमण्डल ने डॉ. कमलप्रीत सिंह सचिव स्कूल शिक्षा एवं ऋतुराज रघुवंशी संचालक लोक शिक्षण से मिलकर 4 सूत्रीय ज्ञापन दिया । इस संबंध में फेडरेशन के प्रांताध्यक्ष राजेश चटर्जी जिलाध्यक्ष दुर्ग चंचल कुमार द्विवेदी, जिला सचिव लक्ष्मीकांत तिवारी ने बताया कि प्राचार्य के स्वीकृत पदों पर 90 फीसदी पद पदोन्नति द्वारा तथा 10 फीसदी पद सीमित विभागीय परीक्षा द्वारा नियुक्त करने का नियम है। शिक्षा विभाग के द्वारा 90 फीसदी कोटा के अंतर्गत पदोन्नति किया गया है। लेकिन 10 फीसदी कोटा अंतर्गत भर्ती लंबित है। छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा सेवा (शैक्षिक एवं प्रशासनिक संवर्ग) भर्ती तथा पदोन्नति नियम 5 मार्च 2019 एवं 13 फरवरी 2026 के अनुसूची-दो में 10 % पदों पर अशासकीय/निजी अनुदान प्राप्त स्कूल/स्वायत्तशासी निकाय में कार्यरत शिक्षकों के सीमित परीक्षा के माध्यम से सीधी भर्ती द्वारा भरे जाने का उल्लेख है। यह भर्ती लोक सेवा आयोग द्वारा किये जाने का प्रावधान है जिस पर सकारात्मक चर्चा हुआ है।

सहायक शिक्षक संवर्ग को त्रिस्तरीय समयमान वेतनमान स्वीकृति एवं सीमित विभागीय परीक्षा से चयनित प्रधानपाठक पूर्व माध्यमिक को समयमान वेतनमान स्वीकृति के मुद्दे पर विस्तृत चर्चा हुआ है। फेडरेशन का कहना है कि प्रधानपाठक प्राथमिक शाला को वित्त निर्देश 15/2023 दिनांक 9/5/23 के द्वारा प्रथम उच्चतर वेतनमान 9300-34800+4400 (लेवल 10) तथा द्वितीय उच्चतर वेतनमान 15600-39100+5400 (लेवल 12) स्वीकृत हुआ है। लेकिन, प्रधानपाठक पूर्व माध्यमिक (जो कि राजपत्रित है) को समयमान वेतनमान स्वीकृति आदेश जारी नहीं हुआ है। जिसके कारण प्राथमिक शाला के प्रधानपाठक का वेतन माध्यमिक विद्यालय के प्रधानपाठक से अधिक हो गया है। फेडरेशन के द्वारा ज्ञापन निरंतर दिया जाता रहा है लेकिन विभाग समाधान नहीं कर पा रहा है।

फेडरेशन का कहना है कि छत्तीसगढ़ सरकार के सभी विभागों में कार्यरत कर्मचारियों और अधिकारियों को वित्त विभाग के आदेश 28/4/2008 (वित्त निर्देश 11/2008) द्वारा दो स्तरीय समयमान तथा आदेश दिनांक 8/8/2018 (वित्त निर्देश 43/2018)द्वारा तृतीय समयमान वेतनमान का लाभ मिल गया है।

### श्रद्धांजलि सभा कल

**जामगांव आर।** समीपस्थ ग्राम कुम्हली निवासी



केबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त छत्तीसगढ़ योग आयोग अध्यक्ष स्व रूपनायण सिन्हा राष्ट्रीय स्वयं सेवक प्रचारक का श्रद्धांजलि सभा 5 जून शुक्रवार शाम 6 बजे पंडित दीनदयाल ऑडिटोरियम साइंस कॉलेज परिसर रायपुर में रखी गई है ।

## मुरारी लाल को मिला शब्द शिखर सम्मान




**कुम्हारी।** रायपुर छत्तीसगढ़ की ख्याति प्राप्त सामाजिक एवं साहित्यिक संस्था 'वक्ता मंच' द्वारा अनवरत अप्रतिम लेखन हेतु कुम्हारी के वरिष्ठ साहित्यत्कार मुरारी लाल साव को 'शब्द शिखर सम्मान' से सम्मानित किया है। मुरारी लाल साव छत्तीसगढ़ी साहित्य की अभिवृद्धि हेतु लघुकथाएँ, कविताएं लेख आदि सतत लिखते आ रहे है। उनकी रचनाएं विभिन्न समाचार पत्रों सहित प्रतिष्ठित पत्रिकाओं में प्रकाशित होती रहती है। अब तक उनकी 200 से अधिक लघुकथाएँ और करीब 150 कविताओं के साथ 4 पुस्तकों का भी प्रकाशन हो चुका है। उन्होंने कुछ काव्य संग्रह का संपादन भी किया है। उनकी इस उपलब्धि पर वक्ता मंच रायपुर ने उन्हें आमंत्रित कर दीर्घ साहित्य साधना के लिए सम्मानित किया। रायपुर के वृन्दावन हाल में आयोजित इस गरिमामयी कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से प्रतिष्ठित साहित्यकार व कविगण उपस्थित थे।

## अंचल की खबरें

### विश्व अभिभावक दिवस मनाया



**धमधा।** धन्वंतरि मंदिर परिसर के संस्कृत विद्यालय धमधा में नगर एवं क्षेत्र में संचालित सभी संस्कृत विद्यालय के संचालक पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों का एक साथ नए सत्र 2026-27 हेतु श्री साई चिकित्सा शिक्षण सेवा समिति धमधा के तत्वावधान में बैठक रखी गई। समिति के पदाधिकारियों में 82 वर्ष आयु के सेवानिवृत्त शिक्षक लवकुश अग्रवाल का जन्मदिन इस अवसर पर मनाया गया। सभी ने एक दूसरे को विश्व अभिभावक दिवस की शुभकामनाएं बधाई भी दिए और मिष्ठान वितरण किया गया और संदेश ज्ञापित किए। इस मौके पर ॐ साईं संस्कृत उत्तर मध्यमा विद्यालय धमधा, ओम साई संस्कृत विद्यालय देवकर, दुबेलिया कर्मा संस्कृत विद्यालय बिरझापुर, दुबेलिया कर्मा संस्कृत विद्यालय पेण्ड्री, दुबेलिया कर्मा संस्कृत विद्यालय कूटहा,दूबेलिया कर्मा संस्कृत विद्यालय छुईखदान के संचालक पदाधिकारी/अभिवावक, कल्याण सिंग चौहान (धन्वन्तरि मंदिर समिति अध्यक्ष), सत्यनारायण ताम्रकार (शिक्षण सेवा समिति के अध्यक्ष), बद्री प्रसाद पटेल (उपाध्यक्ष), लवकुश अग्रवाल, ललित अग्रवाल, केसर सिंह दीक्षित, सनत चक्रधारी, बुधारु साहू, पवन देवांगन, प्रदीप ताम्रकार, दौलत साहू, चिंताराम पटेल, विष्णु ताम्रकार, दिनेश साहू (सचिव), धर्मेन्द्र ताम्रकार, अलखराम साहू, पुनानंद साहू, मुकेश पटेल, श्रीमती नीतू साहू (धमधा विद्यालय प्रधानाचार्य), भुनेशवरी चक्रधारी देवकर विद्यालय प्रधानाचार्य आदि उपस्थित थे।

### सूत सारथी समाज में चुने गए पदाधिकारी



**जामुल।** छत्तीसगढ़ प्रदेश सूत सारथी समाज का शपथ ग्रहण समारोह 7 जून को शिवरीनारायण जांजगीर चांपा में आयोजित है। जिसकी मुख्य अतिथि पामगढ़ विधायक शेषराज हरबंश, विशिष्ट अतिथि शिवरीनारायण नगर पंचायत के नगर अध्यक्ष राहुल थवाईत एवं वार्ड पार्षद ओम प्रकाश साहू होंगे। इसके पहले 10 मई को बिलासपुर में छत्तीसगढ़ प्रदेश सूत सारथी समाज का आम सभा सम्पन्न हुआ। जिसमें प्रदेश के 11 जिले के जिला अध्यक्ष एवं जिला प्रतिनिधि शामिल हुए। जिन्होंने समाज के पंजीयन नियमावली -9 (अ) साधारण सभा अंतर्गत एवं सामाजिक नियमावली अंतर्गत सर्व सम्मति से सभी 10 पदों पर पदाधिकारियों का मनोनयन किया। जिसमें अध्यक्ष पद हेतु पूर्व महासचिव शिव कुमार सारथी, प्रदेश उपाध्यक्ष मोहित सारथी जशपुर, प्रदेश महासचिव पद पर पवन बघेल रायपुर जिला अध्यक्ष रायपुर, प्रदेश कोषाध्यक्ष पद हेतु अनिल सारथी जिलाध्यक्ष दुर्ग ग्रामीण को चुना गया। कार्यकारिणी सदस्य के रुप में प्रेम लाल सारथी अकलतरा, दाऊ राम सारथी कोरबा, छत्तर सिंह बघेल रायपुर, इंजी एम आर बघेल बिलासपुर, विनोद सारथी कोरबा का मनोनयन किया गया एवं एक पद महिला प्रतिनिधि के लिए आरक्षित रखा गया है। मनोनित सभी पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह 7 जून को शिवरीनारायण में सम्पन्न होगा। इसकी जानकारी छत्तीसगढ़ सूत सारथी समाज के प्रदेश कोषाध्यक्ष अनिल सारथी (जामुल) ने दी है।

### अवैध कब्जा हटाने सीएमओ को सौंपा ज्ञापन



**कुम्हारी।** बुधवार को कुम्हारी नगर विकास मंच के लोगों ने नगरपालिका कुम्हारी के मुख्य नगरपालिका अधिकारी नेतराम चंद्राकर को एक ज्ञापन सौंपा जिसमे स्टेशन चौक से महामाया मंदिर जाने वाले मार्ग पर स्थित रूपनगर बस्ती में हुए अतिक्रमण को शीघ्र हटाने की मांग की गई है। ज्ञात हो कि उक्त मार्ग को अवैध कब्जामुक्त कराकर सड़क चौड़ीकरण करने के लिए नगर वासियों एवं कुम्हारी नगर विकास मंच द्वारा जन समस्या निवारण शिविर में आवेदन भी दिया गया था। जिसके तहत मार्ग के एक तरफ का अवैध अतिक्रमण तोड़कर सड़क में पानी सिंचाई किया जा रहा था। जिसपर वही के दो युवकों द्वारा ठेकेदार से दुर्व्यवहार किया गया। इस घटना को लेकर ठेकेदार एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी द्वारा इसकी रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई गई। पुलिस ने घटना को संज्ञान में लेते हुए एक युवक को गिरफ्तार कर लिया है वहीं दूसरा युवक फरार है। इसी घटना को लेकर कुम्हारी नगर विकास मंच सहित नगरवासियों ने मुख्य नगरपालिका अधिकारी को ज्ञापन सौपा है साथ ही पुलिस विभाग से दोषियों पर कठोर कार्यवाही की मांग की है। ज्ञापन सौंपने वालों में कुम्हारी भाजपा मंडल अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिन्हा, राजकुमार सिंह, पी. एन. दुबे, उमाकांत साहू, रामबिहारी मिश्रा, उमेश शुक्ला, शंकर लाल मंढरिया, हरिदास वैष्णव, गोल्डी गोस्वामी, लोकेश साहू, अश्वनी देशलहरे, अश्वनी साहू, सुरेश पाण्डेय, ओमप्रकाश मार्कण्डेय एवं दीपक चतुर्वेदी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### हितग्राहियों को मिला शासकीय योजनाओं का लाभ

**जामुल।** सुशासन तिहार-2026 के अंतर्गत नगर पालिका जामुल के वार्ड क्र. 19 मंगल भवन सुरडुंग में पाँचवें चरण का जन



समस्या निवारण शिविर का आयोजन 1 जून सोमवार को किया गया। जिसमें वार्ड 19 एवं 20 वार्ड के नागरिकों ने मांग एवं शिकायतों से संबंधित लगभग 500 आवेदन दिए। नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर के नेतृत्व में पार्षदों एवं जामुल के अधिकारियों ने पुष्प गुच्छ से स्वागत किया। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने प्रत्येक विभाग के स्टाल में निरीक्षण किया एवं महिला बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित गोद भराई रस्म में गर्भवती महिलाओं को पोषक तत्व वितरित किया। उन्होंने नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर के साथ संयुक्त रूप से दसवीं एवं बारहवीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया एवं प्रधानमंत्री आवास के हितग्राहियों को भवन अनुज्ञा, विभिन्न आवेदकों कों लर्निंग लायसेंस एवं पात्र हितग्राही को तत्काल राशन कार्ड का वितरण किया।

## बिजनेस साइट

### ओम ज्वेलर्स में आकर्षक उपहार एवं डिस्काउंट




**दुर्ग।** दुर्ग ओम ज्वैलर्स शहर के हृदय स्थल में स्थित इंदिरा मार्केट दुर्ग शॉप नंबर 64 b प्रिया सिंगर सदन के सामने ओम ज्वैलर्स अपने भाव शोरूम के लिए जाना माना है। जहां आपको अनगिनत डिजाइन देखने को मिलता है। श्री सोनी ने बताया सोने की बढ़ती हुई महंगाई को देखते हुए मासिक ई योजना चालू किए हैं जिसमें 1000 से लेकर आपके बजट तक हर महीना का किस्त जमा कर सकते हैं। 12 महीने की रेगुलर किस्त जमा होने पर आपको एक महीने की किस्त ज्वेलर्स के द्वारा दी जाती है। सोनी ने बताया कि पैसा लाने ले जाने का जोखिम को देखते हुए घर पहुंच सेवा उपलब्ध किया गया है जिसमें अपनी पसंद की डिजाइन को खरीद कर पेमेंट आप घर से भी कर सकते हैं। इसके अलावा टोटल ऑनलाइन, चेक, एटीएम, डेबिट कार्ड एक्सेप्ट किया जाता है। सोनी ने बताया कि पुराने गहने को बिल्कुल नया बनाये वो भी बिना वजन घटे। ज्वेलरी की रिपेयरिंग की तत्काल सुविधा उपलब्ध है आगे दिवाली, त्यौहार सीजन को देखते हुए नई-नई डिजाइनों की विस्तार रेंज उपलब्ध है जिसमें ग्राहक अपने मनपसंद डिजाइन बुकिंग कर पसंद की जेवर शुभ मुहूर्त पर ले जाएं। ओम ज्वेलर्स के संचालक ने बताया कि हमारे यहां टोटल 916 (22 कैरेट)833 (20कैरेट )एवं 750(18कैरेट) के टोटल हॉलमार्क गहने उपलब्ध है। जिसमें भारत सरकार के द्वारा 6 अंकों का डिजिट कोड एच यू आईडी अंकित किया मिलेगा पूरे शहर में सबसे कम दाम पर उपलब्ध हैं जिसमें 0% चांदी की मेकिंग चार्ज एवं सोने पर जितना सोना उतना चांदी फ्री एवं न्यूनतम मजदूरी दर के साथ ग्राहकों को उपलब्ध किया जाता है। शादी के गहने की खरीदी पर दूल्हा एवं दुल्हन को स्पेशल टूरिस्ट बैग, इंपॉर्टेंट वॉच, जीतना सोना उतना चांदी फ्री ओम ज्वेलर्स की तरफ से प्रदान किया जाता है। हमारी शॉप में हमेशा ग्राहकों का अच्छी भीड़ रहती है। नए-नए डिजाइनों का हमेशा कलेक्शन उपलब्ध रहती है इसलिए आपको हमेशा लेटेस्ट फ्रेश डिजाइन व नई वैरायटी उपलब्ध रहती है। आप एक बार शॉप अवश्य पधारे।

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल कोहका, तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.)**

**सूचना पत्र**

क्रमांक-240 रा.नि. 2026, कोहका, दिनांक-03/06/2026

प्रति,

1. आवेदक- मोहम्मद असलम आ. मजहर हक, 2. संगीता केतन शाह।

विषय :- सीमांकन / स्थल जांच के संबंध में सुचना बाबत।

ग्राम कोहका प.ह.न. 45 रा.नि.मं. कोहका, तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 1948 रकबा 4000 वर्गफीट का सीमांकन / स्थल जांच हेतु न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर/ अधीक्षक भू-अभिलेख / सिविल न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर/ अधीक्षक भू- अभिलेख शाखा दुर्ग के ज्ञापन क्रमांक दिनांक- 26.05.2026 के परिपालन में दिनांक 15/06/2026 को समय 2:00 PM से ......... बजे के बीच में सीमांकन/स्थल जांच किया जाना है। अतः आप सभी हितबद्ध पक्षकार अपने दस्तावेज सहित नियत तिथि एवं समय में उपस्थित होवे, बाद आपति स्वीकार नहीं होगी।

राजस्व निरीक्षक
कोहका







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### मेगा मेडिकल कैंप में ग्रामीण मरीज हुए लाभान्वित

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के राजहरा माइंस हॉस्पिटल में मेगा मेडिकल कैंप हुआ। शिविर में विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सकों की बहु-विषयक टीम द्वारा स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं। लाभार्थियों को हृदय रोग, मेडिसिन, अस्थि रोग, बाल रोग, प्रसूति एवं स्त्री रोग, नेत्र रोग, कान-नाक-गला (ईएनटी), त्वचा रोग, दंत चिकित्सा, सामान्य शल्य चिकित्सा तथा दर्द प्रबंधन सहित विभिन्न विषयों में विशेषज्ञ परामर्श प्रदान किया गया। सेक्टर 9 हास्पिटल के डाक्टरों की टीम ने सेवाएं दीं।

### जामुल को मिलेगा सियान सदन



**भिलाई।** नगर पालिका परिषद जामुल को सियान सदन का सौगात मिलने वाला है। निमर्णाधीन सियान सदन का निरीक्षण करते हुए नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने बताया कि जामुल में प्रत्येक वर्ग के लिए आवश्यकतानुसार अध्यक्ष निधी से विकास कार्य जारी है। वार्ड 18 के सुरडुंग मोड़ पर नगर के वरिष्ठजनों , बुजुर्गों के लिए यह सियान सदन बनाया जा रहा है। किसी भी नगर का पहचान सिर्फ बुनियादी सुविधा तक में नहीं होता। उसके लिए आम जनों के मार्गदर्शन एवं सुझाव भी महत्वपूर्ण होता है। भौतिक समय में एक उम्र के बाद हर कोई सुबह या शाम को खुले रूप में सैर करने निकलते हैं। कहीं बीच में बैठकर आपसी चर्चाएं भी होती है। बड़े बुजुर्गों को टहलने के बाद आराम की आवश्यकता होती है। इस कारण सियान सदन आवश्यक हो गया था। निरीक्षण में उप अभियंता सचिन भागवत मौजूद थे।

## आवास के बिजली खंभे में स्पार्किंग जांच व सुधार के लिए गई टीम बैरंग लौटी लौटी

# सेक्टर-10 में प्रवर्तन व बिजली विभाग के कर्मियों और आवंटी दंपति के बीच हुआ विवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सेक्टर 10 में आज बुधवार को एक बीएसपी क्वार्टर परिसर में बिजली पोल में स्पार्किंग और सुधार कार्य के लिए गए बीएसपी के बिजली विभाग व प्रवर्तन विभाग के कर्मियों और आवास के रहवासी दंपत्ति तथा उनके समर्थन में आए लोगों के बीच जमकर विवाद हुआ। बहस के दौरान नौबत हाथापाई की आ गई। इसके चलते बिजली रिपेयर के लिए गई टीम को बैरंग लौटना पड़ा। बीएसपी प्रबंधन ने शिकायत पर बिजली पोल की स्पार्किंग के लिए क्वार्टर में जाना बताया है वहीं रहवासियों ने रिटेंशन क्वार्टर की बिजली काटने के लिए आना बताया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार बुधवार को बीएसपी के नगर सेवाएं विभाग के प्रवर्तन अनुभाग की टीम द्वारा सेक्टर 10 का नियमित निरीक्षण (सर्विलांस) किया जा रहा था। निरीक्षण के दौरान सड़क 2 के एक बिजली पोल से स्पार्किंग होती हुई दिखाई दी। इसकी सूचना तत्काल बीएसपी के नगर विद्युत अभियांत्रिकी विभाग के उप महाप्रबंधक रवि फुले, सहायक प्रबंधक बीपी साहू व प्रवर्तन अनुभाग के सहायक महाप्रबंधक रेमी थामस को टेलीफोन पर दी गई। सूचना पर विद्युत व प्रवर्तन विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौके पर पहुंचे। बिजली विभाग के टेक्निशियन द्वारा निरीक्षण के दौरान स्पार्किंग रोकने के लिए बिजली आपूर्ति बंद कर पोल से लिपटी हुई झाड़ियों को हटाने का प्रयास किया गया। इस दौरान ब्लाक नं.2 सड़क 2 सेक्टर 10 की बिजली आपूर्ति बाधिक हो गई। इसकी जानकारी मिलने पर ब्लाक 2 कि 2 महिला निवासी मौके पर पहुंचीं, जिन्हें कर्मियों ने स्पार्किंग के कारण बिजली आपूर्ति बंद हो जाने की जानकारी दी गई। कार्यवाही के दौरान बिजली की जांच के लिए विभागीय कर्मियों ने क्वार्टर नं. 1, ए, सड़क 2 सेक्टर 10 के गेट के भीतर जाकर स्थिति का निरीक्षण करने का प्रयास किया। इसी दौरान उक्त आवास में निवासरत एक महिला ने खुद को इस आवास का आवंटी बताते हुए कर्मचारियों से परिसर में प्रवेश का कारण पूछने लगीं। कर्मियों द्वारा उन्हें बताया गया कि बिजली पोल में स्पार्किंग होने के कारण बिजली आपूर्ति बाधित होने की जांच की जांच कर रहे हैं। इस पर महिला नाराज हो गई और अपने पति को बुला लिया। इसके बाद दोनों ने विद्युत व प्रवर्तन विभाग के कर्मियों से तीखी बहस शुरु कर दी। इस दौरान मोबाइल पर 10,15 अन्य लोगों को भी बुलवा लिया, जिन्होंने भी कर्मचारियों के साथ विवाद बहस करना करना प्रारंभ कर दिया। महालौ तनावपूर्ण होता देख सुधार कार्य के लिए गए बिजली व प्रवर्तन टीम को बैरंग वापस लौटना पड़ा।

### निरीक्षण के दौरान दो पक्षों में हुआ विवाद



### आवंटी की रिटेंशन अवधि हो चुकी खत्म - बीएसपी प्रबंधन

जिस आवास में बिजली पोल के स्पार्किंग की जांच को लेकर विवाद हुआ,उस बीएसपी क्वार्टर-1-ए, सड़क 2 को वर्ष 2012 में बीएसपी से रिटायर होने के बाद रिटेंशन पर आवंटित किया गया था। बीएसपी प्रबंधन के मुताबिक इस आवास की रिटेंशन अवधि 2014 में समाप्त हो चुकी है। इस आवास में निवासरत सेक्टर 9 के रिटायर चिकित्सक डां. शशि कुमार के विरुद्ध संपदा न्यायालय द्वारा 25 जुलाई 2016 को बेदखली के लिए डिक्री भी पारित की जा चुकी है। इस कारण ही डां. शशि कुमार व उनकी पत्नी को यह भ्रम हुआ कि बीएसपी की टीम उनके आवास की बिजली काटने आई है। प्रबंधन के अनुसार कुछ व्यक्तियों द्वारा रिटेंशन पर आवास धारण किए हुए पूर्व कर्मियों को एकत्र कर उन्हें उनके निवासरत आवासों को लीज पर दिलाने का आश्वासन देते हुए एक संगठन के माध्यम से संगठित किया जा रहा है। ऐसे लोग बीएसपी प्रबंधन द्वारा की जाने वाली विभिन्न कार्यवाहियों के दौरान लोगों के एकत्र कर प्रबंधन के कार्यों में व्यवधान उत्पन्न कर अपनी स्वार्थों को पूरा कर रहे हैं। बीएसपी ने लोगों से इनसे सजग रहने की अपील की है।

## भीषण गर्मी में सेक्टर 6 व 7 में 15 घंटे रहा ब्लैकआउट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



गर्मी बढ़ने के साथ ही टाउनशिप में बिजली गुल होने का सिलसिला कम होने का नाम नहीं ले रहा है। सेक्टर 6 और सेक्टर 7 में दो दिन तक ब्लैकआउट होने से लोग भारी उमस और मच्छरों के बीच रजजगा करते रहे। रात 10 बजे गुल हुई बिजली आज बुधवार को दिन मे डेढ़ बजे आई। इस दौरान हजारों रहवासी भीषण गर्मी से परेशान होते रहे और ड्यूटी सहित कई काम प्रभावित हुए।

टाउनशिप में नौतपा के दौरान भी बिजली गुल होने की घटनाएं बढ़ रही हैं। लोड बढ़ने, बिजली का नेट वर्क पुराना होने और विद्युत अभियांत्रिकी विभाग में मेन पावर की कमी के चलते किसी न किसी सेक्टर में आए दिन घंटों बिजली गुल है। सेक्टर 6 और सेक्टर 7 में मंगलवार रात 10 बजे गई बिजली बुधवार दिन में डेढ बजे आई। दोनों सेक्टरों के आधे हिस्से में पूरी रात और लगातार 15 घंटे बिजली गुल होने से लोगों को चौतरफा परेशानी का सामना करना पड़ा। लोड बढ़ने से सेक्टर 7 में केबल व ट्रांसफार्मर ब्रस्ट होने के चलते दोनों सेक्टर अंधेर में डूबे रहे। आज विभाग द्वारा नया ट्रांसफार्मर लगाने के बाद बिजली आई। इस दौरान रातभर लोगों भारी उमस और मच्छरों के कारण सो नहीं सके। फर्स्ट शिफ्ट ड्यूटी जाने वाले कर्मचारियों सहित घरों में महिलाओं, बच्चों का भारी गर्मी से बेचैनी से बुरा हाल रहा। सेक्टर 6 व 7 के रहवासियों ने बताया कि पूरी रात घर के सामने क्रास स्ट्रीट व मैदान में टहलते हुए गुजरी। आए दिन दो तीन घंटे के लिए बिजली गुल हो रही है।

■ बिजली गुल होने से भारी उमस और मच्छरों के बीच रहवासियों का रतजगा

### सुबह नलों में नहीं आया पानी

सेक्टर 6 और 7 में पंद्रह घंटे तक बिजली गुल होने से बुधवार को सुबह नलों में जलापूर्ति भी ठप रही। इसके चलते खाने पीने और निस्तारी पानी के लिए लोगों को भटकना पड़ा। वाटर एटीएम और बोरिंग व मंदिरों व भवनों आदि में लोग बर्तन लेकर पानी के लिए लाइन में इंतजार करते रहे। रहवासियों ने बताया कि बाहर से पानी खरीदकर गुजारा करना पड़ा। पानी नहीं होने से खाना पकाने से लेकर नहाने आदि में परेशानी हुई।

## एलडीसीपी के किल्न-3 का सफल पुनः प्रचालन

**भिलाई।** बीएसपी के लाइम एवं डोलो कैल्सिनेशन प्लांट (एलडीसीपी) के किल्न-3 का कैपिटल रिपेयर कार्य पूर्ण होने के बाद पुनःप्रचालन शुरु हो गया है। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार ने किल्न सहित सीजीएम तुषार कांत, बिजय कुमार बेहेरा, सुशांत कुमार घोष, प्रोसेनजीत दास, इन्द्रजीत सेनगुप्ता, पी.पी.वी.एस. मूर्ति तथा त्रिभुवन बैठा आदि अधिकारी उपस्थित रहे। जीएम वी. के. ओगले व प्रबंधक विनय कुमार पवार द्वारा कैपिटल रिपेयर कार्य पर एक तकनीकी प्रस्तुति दी । कैपिटल रिपेयर कार्य को सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए जीरो हार्म' के लक्ष्य के साथ सफलतापूर्वक पूरा किया गया। मरम्मत कार्य के दौरान रिफ्रैक्टरी इंजीनियरिंग विभाग द्वारा 1 हजार टन रिफ्रैक्टरी ईंटों के निष्कासन एवं पुनःस्थापन के कठिन कार्य निर्धारित समयसीमा के भीतर गुणवत्ता एवं सुरक्षा मानकों का पूर्ण किया गया। किल्न में पहली बार यंत्रीकृत (मेकनाइज्ड) पद्धति से डीब्रिकिंग कार्य किया गया, जिससे कार्य की दक्षता, सुरक्षा एवं निष्पादन क्षमता में वृद्धि हुई।

### सुरक्षा संस्कृति को सुदृढ़ बनाएं

राकेश कुमार ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों से संयंत्र के प्रति स्वामित्व भाव विकसित करने तथा कार्यस्थल पर सुरक्षा संस्कृति को और अधिक सुदृढ़ बनाने का आह्वान किया।वरिष्ठ अधिकारियों ने इस उपलब्धि को उत्कृष्ट टीमवर्क, तकनीकी दक्षता, प्रभावी परियोजना प्रबंधन तथा मजबूत सुरक्षा संस्कृति का परिणाम बताया। किल्न-3 के सफल पुनःप्रचालन के साथ लाइम एवं डोलो कैल्सिनेशन प्लांट की परिचालन क्षमता, विश्वसनीयता एवं उत्पादकता में वृद्धि होने की अपेक्षा व्यक्त की गई।

## एनसीसी कैडेट्स ने निकाली जागरुकता रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर भारती विश्वविद्यालय दुर्ग की एनसीसी इकाई द्वारा तंबाकू सेवन के दुष्प्रभावों के प्रति जन-जागरूकता फैलाने रैली का आयोजन किया गया।

रैली में एनसीसी कैडेट्स ने विश्वविद्यालय परिसर और आसपास के क्षेत्रों में भ्रमण कर लोगों को तंबाकू सेवन से दूर रहने के लिए प्रेरित किया तथा हाथों में तख्तियां व बैनर लेकर संदेशों के माध्यम से तंबाकू के दुष्परिणामों को जनसामान्य तक पहुंचाया। रैली के दौरान तंबाकू छोड़ो, जीवन जोड़ों, स्वस्थ भारत, तंबाकू मुक्त भारत का उद्घोष किया गया। यह आयोन एनसीसी अधिकारी डॉ. आस्था चतुर्वेदी के नेतृत्व में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीएन तिवारी व कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र कुमार स्वर्णकार के मार्गदर्शन मे हुआ।

इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि तंबाकू का सेवन कैंसर हृदय रोग, फेफड़ों की बीमारियों सहित अनेक गंभीर स्वास्थ्यगत समस्याओं का प्रमुख कारक है। युवाओं को इसके दुष्प्रभावों से अवगत कराना तथा उन्हें नशामुक्त जीवन की ओर प्रेरित करना समय की आवश्यकता है।अंत में तंबाकू मुक्त वातावरण के निर्माण तथा समाज में स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया।




■ भारती विश्वविद्यालय का आयोजन

## बीएसपी में समन्वय 10.2 एमटीपीए विस्तार परियोजना पर हुई चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र की उत्पादन क्षमता को वर्तमान 6.8 मिलियन टन प्रति वर्ष (एमटीपीए) से बढ़ाकर 10.2 एमटीपीए करने की प्रस्तावित विस्तार परियोजना के सफल क्रियान्वयन के लिए परियोजना विभाग द्वारा भिलाई निवास में दो दिवसीय विक्रेता सहयोग सम्मेलन (वेंडर मीट) समन्वय शुरु किया गया। भविष्य के विस्तार के लिए सहभागिता का सुदृढ़ निर्माण विषय पर आयोजित सम्मेलन प्रौद्योगिकी प्रदाताओं, ईपीसी एजेंसियों, सलाहकारों, उपकरण निर्माताओं, सेवा भागीदारों तथा परियोजना हितधारकों के बीच समन्वित को सशक्त बनाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया । उद्घाटन निदेशक प्रभारी चित्त रंजन महापात्र ने किया। कार्यपालक निदेशक एके चक्रवर्ती, प्रवीण निगम, पवन कुमार, पीके सरकार, अरुण कुमार, मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी डॉ. विनीता द्विवेदी, आरबी गहरवार आदि अधिकारी उपस्थित थे। दो दिवसीय सम्मेलन में देशभर की 100 से अधिक विक्रेता कंपनियों के 200 से अधिक प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। श्री महापात्र ने कहा कि सरकार ने वर्ष 2030-31 तक देश की इस्पात उत्पादन क्षमता को 300 मिलियन टन तक पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। सेल की उत्पादन क्षमता बढ़ाने के लिए बीएसपी की क्षमता को 6.8 एमटीपीए से बढ़ाकर 10.2 एमटीपीए करना है। पीके सरकार ने कहा कि बीएसपी की प्रस्तावित क्षमता वृद्धि केवल इंजीनियरिंग उत्कृष्टता से ही संभव नहीं होगी, बल्कि इसके लिए सभी हितधारकों के मध्य निर्बाध समन्वय भी आवश्यक है। उन्होंने विक्रेताओं और सहयोगी संस्थाओं से परियोजना में योगदान देने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन उप डीजीएम अभिषेक श्रीवास्तव व एजीएम जया तिवारी ने किया।

■ वेंडर मीट सम्मेलन शुरु

## बीएसपी में फिर दस अफसर इधर-उधर हुए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र में अधिकारियों के तबादलों का सिलसिला जारी है। बुधवार को फिर दस अफसरों का अंतरवभिगायी स्थानांतरण किया गया। प्रबंधन द्वारा प्रबंधकीय व कामकाज में कसावट लाने के लिए तबादला किया गया है। बीएसपी प्रबंधन द्वारा जारी आदेश में माइंस व फायनेंस विभाग में अधिकारियों के तबादले किए गए हैं। इनमें डीजीएम( एफएंडए) को डीजीएम राजहरा भेजा गया है। एजीएम (एफएंडए माइंस) अभिषेक कोचर को एजीएम (एफएंडए) रिपोर्टिंग आधिकारी सीजीएम राजीव महेंदू व स्वप्निल श्रीवास्तव सीनियर मैनेजर एफएंडए राजहरा को सीनियर मैनेजर स्टोर बिल्स स्थानांतरित किया गया है। सीनियर मैनेजर ए राजेश (फायनेंस) को सीनियर मैनेजर माइंस व कैश तथा डिप्टी मैनेजर (स्टोर बिल) आयुषी पुरोहित को प्रोजेक्ट व फायनेंस में स्थानांतरिक किया गया है। वहीं राजहरा के एजीएम माइंस शंकर आचुगतला को हेड क्वार्टर भिलाई, सीनियर मैनेजर कपिल माइंस दल्ली को सीनियर मैनेजर माइंस दिल्ली माइंस व सीनियर मैनेजर सुशील कुमार को माइंस, सीनियर मैनेजर म सुमित वर्मा माइंस सीनियर मैनेजर महामाया माइंस, रत्नेश कुमार माइंस दल्ली को राजहार मैकेनिकल माइंस स्थानांतरित किया गया है।

### समय पर काम पूरा करने की आयुक्त ने दी हिदायत

## चंद्रा मौर्या अंडर ब्रिज के रोड निर्माण और अतिक्रमण का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने जोन-03 क्षेत्र का निरीक्षण कर चंद्रा मौर्या अंडरब्रिज, प्रस्तावित वेंडर जोन, सर्विस रोड एवं अवैध कब्जों की स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों और निर्माण एजेंसी को निर्माणाधीन कार्य समयावधि में पूर्ण कराने तथा प्रस्तावित विकास कार्यों को शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने चंद्रा मौर्या अंडरब्रिज में चल रहे सीमेंट कंक्रीट सड़क निर्माण कार्य का अवलोकन किया। उन्होंने निर्माण एजेंसी को गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। अंडरब्रिज के समीप स्थित कॉम्प्लेक्स के पीछे विकसित किए जा रहे प्रस्तावित वेंडर जोन का निरीक्षण करते हुए आयुक्त ने कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वेंडर जोन बनने से स्थानीय फुटपाथ एवं ठेला व्यवसायियों को व्यवस्थित और सुरक्षित व्यापारिक स्थान उपलब्ध होगा, जिससे उनकी आजीविका को मजबूती मिलेगी।



### सर्विस रोड की गुणवत्ता देखी

आयुक्त ने चंद्रा मौर्या चौक से जोन 3 कार्यालय तक बन रही सर्विस रोड का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों गुणवत्ता युक्त सड़क निर्माण पूर्ण कराने के निर्देश देते हुए कहा कि इससे क्षेत्र के नागरिकों को बेहतर यातायात सुविधा उपलब्ध होगी और आवागमन सुगम बनेगा। निरीक्षण के दौरान मजार से हुंडई शोरूम के पीछे कुछ लोगों द्वारा गैराज का कबाड़ एवं अन्य सामान शासकीय भूमि पर रखे जाने की जानकारी मिलने पर आयुक्त ने संबंधित व्यक्तियों को स्वयं सामान हटाने के निर्देश दिए। साथ ही निगम भूमि पर झुग्गी-झोपड़ी बनाकर रह रहे लोगों को भी स्थल खाली करने की चेतावनी दी गई। चर्चा में सामने आया कि कुछ लोगों द्वारा बहुत लंबे समय से भिलाई शहर में ही निवास किया जा रहा है, आयुक्त ने ऐसे पात्र परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास प्राप्त करने के लिए आवेदन करने की सलाह दी।

### अवैध कब्जे होंगे चिन्हित

आयुक्त ने अधिकारियों से कहा कि शासकीय भूमि पर अवैध कब्जों को चिन्हित कर नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए तथा विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की बाधा न आने दी जाए। निरीक्षण के दौरान जोन आयुक्त कुलदीप गुप्ता, कार्यपालन अभियंता अनिल सिंह, उप अभियंता दीपक देवांगन, सहायक राजस्व अधिकारी बसंत देवांगन, जोन स्वास्थ्य अधिकारी बीरेन्द्र बंजारे एवं रविन्द्र पाण्डेय उपस्थित रहे।





02 आपात काल में घबराएं नहीं, हैंड्स...

## लाइव इवेंट

## एनएचएम कर्मचारियों का प्रदेश स्तरीय महासम्मेलन 13 को, परिवार सहित होंगे शामिल



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ प्रदेश राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एनएचएम कर्मचारी संघ द्वारा 13 जून को रायपुर स्थित बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम में प्रदेश स्तरीय महासम्मेलन का भव्य आयोजन किया जा रहा है। महासम्मेलन में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, विजय शर्मा, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल सहित विभिन्न कैबिनेट मंत्रियों एवं जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है। संघ के पदाधिकारियों के अनुसार इस महासम्मेलन में प्रदेश के उपस्वास्थ्य केंद्रों, आयुष्मान आरोग्य मंदिरों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, जिला अस्पतालों, मेडिकल कॉलेजों, मंत्रालय तथा अन्य स्वास्थ्य संस्थानों में कार्यरत 18 हजार से अधिक एनएचएम कर्मचारी एवं अधिकारी अपने परिवार सहित शामिल होंगे। प्रदेशभर से बड़ी संख्या में कर्मचारियों की सहभागिता को लेकर व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। संघ का कहना है कि यह महासम्मेलन एनएचएम कर्मचारियों की एकजुटता, समर्पण एवं स्वास्थ्य सेवाओं में उनके योगदान को प्रदर्शित करने का महत्वपूर्ण अवसर होगा। कार्यक्रम को लेकर प्रदेशभर के कर्मचारियों में उत्साह का माहौल है और विभिन्न जिलों में तैयारियां तेज़ी से चल रही हैं।

संघ के प्रांतीय प्रतिनिधिमंडल ने स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल के मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय से मुलाकात कर महासम्मेलन में शामिल होने का आमंत्रण दिया, जिसे मुख्यमंत्री ने सहर्ष स्वीकार किया। मुख्यमंत्री की स्वीकृति से कर्मचारियों में विशेष उत्साह का वातावरण है।

## लाइव इवेंट

## रक्तदान शिविर में युवाओं ने 81 यूनिट ब्लड किया डोनेट



**भिलाई।** ऑथ वेलफेयर ऑर्गनाइजेशन द्वारा रक्तदान महादान का आयोजन किया गया था। जिसमें लगभग 83 यूनिट रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। इस दौरान युवाओं ने रक्तदान करने शिविर में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया।

जिला अस्पताल दुर्ग में ऑथ वेलफेयर ऑर्गनाइजेशन द्वारा 81 यूनिट रक्तदान कर जमा कराया गया था। अय्यूब खान, सचिव, प्रदेश कांग्रेस कमेटी, छत्तीसगढ़ ने बताया कि दुर्ग जिला अस्पताल में रक्त उपलब्ध न होने के कारण एक युवती की मृत्यु होना अत्यंत चिंताजनक एवं दुखद घटना है। दुखद मृत्यु की घटना के एक दिन पूर्व भिलाई स्थित चौहान होटल में ऑथ वेलफेयर ऑर्गनाइजेशन द्वारा विशाल रक्तदान शिविर को लगाया गया था। इस शिविर में जिले के अनेक जनप्रतिनिधियों



और जिला ब्लड बैंक प्रभारी श्री मेश्राम भी उपस्थित थे। जिसमें लगभग 83 यूनिट रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। उसके बावजूद दूसरे दिन उसी जिला अस्पताल में रक्त उपलब्ध न होने से किसी मरीज की मृत्यु हो जाना बहुत दुखद और चिंताजनक है। उन्होंने जिला प्रशासन से कहा है कि जब ऑथ वेलफेयर ऑर्गनाइजेशन ने 81 यूनिट रक्तदान किया था, ठीक उसके दूसरे दिन ब्लड की मात्र 1 यूनिट इस मरीज को नहीं देना जांच का विषय है।

## विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन दुर्ग का जागरूकता अभियान




**दुर्ग।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर आईएमए दुर्ग के चिकित्सक सदस्यों ने हाउसिंग बोर्ड कॉम्प्लेक्स दुर्ग में जागरूकता अभियान का आयोजन किया। इस दौरान उपस्थित जनसमुदाय को तंबाकू सेवन और धूम्रपान से होने वाले गंभीर दुष्प्रभावों की जानकारी देते हुए तंबाकू मुक्त स्वस्थ जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में आईएमए दुर्ग के अध्यक्ष डॉ. रजनीश कांत मल्होत्रा, पूर्व छग आईएमए अध्यक्ष डॉ. अजय गोवर्धन, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. वीएस बघेल, डॉ. एडी उरगांवकर, डॉ. एचआर वार्ष्णेय, डॉ. राघवेंद्र वर्मा, डॉ. एसके फटिंग, डॉ. कुलदीप सिंह, डॉ. आरके साहू, डॉ. दिलीप सोनी, डॉ. शोभा फटिंग, डॉ. रवि शुक्ला, डॉ. देवेंद्र रत्नानी, डॉ. मधु श्रीवास्तव, फिजियोथैरेपिस्ट रश्मि बैलचंद उपस्थित थे।

### घरों के टैरेस-बालकनी गार्डन से 5-10 प्रतिशत टेम्प्रेचर डाउन, तपती गर्मी में ठंडक का अहसास

# हरियाली से बनता है नेचुरल इंसुलेशन, घर में बनाया कूल जोन छत पर रिफ्लेक्टिव कोटिंग और एसी 24-27 पर चलाने दी सलाह

**भिलाई। जून की तपती धूप और रिकॉर्ड तोड़ तापमान से राहत पाने शहरवासी अब तरह-तरह के जतन कर रहे हैं। इस बार भिलाई के लोग पर्यावरणविदों, इंटीरियर डिजाइनर्स, डायटिशियन, वेटनरी विशेषज्ञ और बागवानी विशेषज्ञों से उपाय जानकर गर्मी से बचाव कर रहे हैं। हरिभूमि ने शहर के ऐसे ही लोगों व विशेषज्ञों से बातचीत की, जिन्होंने अपने घरों को तपिश से बचाने के लिए नवाचार किए हैं। सबसे कारगर उपाय साबित हो रहे हैं घरों के टैरेस और बालकनी गार्डन, जिनसे तापमान 5 से 10 प्रतिशत तक कम हो रहा है।**



### टैरेस गार्डन बना नेचुरल कूलर

शहर के जाने-माने पर्यावरण प्रेमी बालू राम वर्मा का कहना है कि घरों में टैरेस व बालकनी गार्डन गर्मी के दिनों में तापमान को 5 से 10 प्रतिशत तक कम कर देते हैं। पौधे नेचुरल इंसुलेशन का काम करते हैं। छत और दीवारों पर सीधी धूप नहीं पड़ती, जिससे घर के अंदर का तापमान अपने आप कंट्रोल में रहता है। उन्होंने कहा कि यह तरीका न केवल बिजली बचाता है बल्कि पर्यावरण के लिए भी फायदेमंद है।

### घर में पूरे दिन ठंडक का एहसास

शहर की देबजानी मजूंमदार ने बताया कि उन्होंने अपने घर में बालकनी और टैरेस गार्डन विकसित किया है। इससे उनके घर का तापमान इस तपती गर्मी में भी कंट्रोल में है और पूरे समय ठंडक का एहसास हो रहा है। उन्होंने आउटडोर और इंडोर दोनों तरह के पौधे लगाए हैं, जिससे गर्मी के तेज तापमान में भी हरियाली बनी हुई है। देबजानी का कहना है कि सोसायटी के लोगों को अगर गर्मी से राहत पानी है तो प्रकृति का संरक्षण करने आगे आना होगा। बालकनी और टैरेस गार्डन विकसित करना प्रकृति और सेहत दोनों के लिए बड़ा फायदेमंद है।

### ताजी सब्जियां और फल भी मिल रहे

हाऊसिंग बोर्ड निवासी श्यामली मुखर्जी ने बताया कि पिछले साल गर्मी से बचने के लिए उन्होंने बागवानी विशेषज्ञों से सलाह लेकर घर पर टैरेस गार्डन विकसित किया। यहां उन्होंने ताजी सब्जियों के साथ फल और फूलों के पौधे रोपे हैं। यह पौधे एक तरफ गर्मी की तपिश से बचा रहे हैं, वहीं घर को ताजी सब्जियां और फल भी मिल रहे हैं। आज एक साल बाद वे इसका महत्व अच्छी तरह जान गई हैं।

### इंटीरियर डिजाइनर ने बताए ये उपाय



शहर के इंटीरियर डिजाइनर पलाश रणदीवे का कहना है कि गर्मी में घर को ठंडा रखने के लिए दिन में खिड़कियां-दरवाजे बंद रखें और सफेद या हल्के रंग के पर्दों का इस्तेमाल करें। सुबह-शाम वेंटिलेशन के लिए खिड़कियां खोलें। छत पर सफेद पेंट या रिफ्लेक्टिव कोटिंग कराएं। घर में पौधे रखें और एयर कंडीशनर को 24-27 डिग्री पर चलाएं। सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक सूरज की सीधी किरणें रोकने के लिए खिड़कियों पर ब्लाइंड्स या बांस के शेड्स का उपयोग करें।

### विशेषज्ञों की राय- प्रकृति से जुड़ें

विशेषज्ञों का मानना है कि मौसम की विषमता के कारण जून में भी पड़ रही तेज धूप और बढ़ते तापमान से निपटने का सबसे टिकाऊ तरीका प्रकृति से जुड़ना है। टैरेस और बालकनी गार्डन न केवल घर का तापमान कम करते हैं बल्कि हवा को भी शुद्ध करते हैं। इससे बिजली की खपत घटती है और मानसिक शांति भी मिलती है। शहरवासी अब तेजी से इस ओर रुख कर रहे हैं।



# परिवार और समाज पर नशा का दुष्प्रभाव मिटाने लिया संकल्प

**दुर्ग।** शासकीय पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग द्वारा तम्बाकू निषेध दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक, कर्मचारी और छात्राओं ने शपथ ग्रहण करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार के नशा से मुक्ति के लिए हम सभी लोगों को जागरूक करेंगे एवं स्वयं नशा से दूर रहेंगे। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ सुषमा यादव ने सम्बोधित करते हुए कहा कि धुम्रपान, तम्बाकू, शराब आदि दुर्व्यसन मनुष्य के लिए अत्यंत हानिकारक है। नशा का दुष्प्रभाव परिवार एवं समाज पर पड़ता है। नशामुक्त समाज के निर्माण में हम सभी की सहभागिता होनी चाहिए। प्रत्येक नागरिक






को जागरूक करना हम सबका कर्तव्य है। डॉ मीनाक्षी अग्रवाल, प्राध्यापक, गृहविज्ञान ने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए जन जागरूकता में आप सभी का महत्वपूर्ण योगदान होना चाहिए। शासन के द्वारा भी नशामुक्ति संबंधी अनेक जागरूकता अभियान जनहित में प्रसारित कर चलाए जा रहे हैं। नशामुक्त भारत समाज को एक नई दिशा की ओर अग्रसर करती है। जिससे कि आने वाली भावी पीढ़ी को नई पहल के प्रेरित कर सकती है। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ यशेश्वरी ध्रुव ने किया और आभार डॉ लता मेश्राम ने व्यक्त किया।

# रेलवे असिस्टेंट लोको पायलट भर्ती के आवेदन 14 जून तक

**भिलाई।** रेलवे एएलपी भर्ती की तैयारियों में लगे युवाओं के लिए बड़ी खबर है। रेलवे रिक्रूटमेंट बोर्ड द्वारा असिस्टेंट लोको पायलट भर्ती के लिए नोटिफिकेशन जारी आवेदन स्टार्ट कर दिए गए हैं। अधिसूचना के मुताबिक इस भर्ती के माध्यम से कुल 11127 रिक्त पदों पर नियुक्तियां की जाएंगी, जिसके लिए आवेदन 15 मई से लिया जा रहा है। यह आवेदन 14 जून तक लिए जाएंगे। एप्लीकेशन फॉर्म केवल ऑनलाइन माध्यम से रेलवे की ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर भरा जा सकता है। अन्य किसी भी प्रकार से फॉर्म स्वीकार नहीं होंगे। रेलवे असिस्टेंट लोको पायलट भर्ती 2026 में आवेदन के लिए अभ्यर्थी का मान्यता प्राप्त बोर्ड-संस्थान से 10वीं के साथ आईटीआई पास होना अनिवार्य है अथवा उम्मीदवार ने 10वीं



के साथ इंजीनियरिंग में डिप्लोमा प्राप्त किया हो। जिन उम्मीदवारों ने इंजीनियरिंग डिग्री प्राप्त की है वे भी इस भर्ती में आवेदन के लिए पात्र होंगे। उम्मीदवार की न्यूनतम आयु 18 वर्ष से कम एवं अधिकतम आयु 30 साल से ज्यादा नहीं होनी चाहिए। ऊपरी उम्र में ओबीसी को 3 एवं एससी/एसटी वर्ग को 5 वर्ष की छूट दी जाएगी। इसके साथ ही अन्य आरक्षित वर्ग एवं भूतपूर्व सैनिकों को भी ऊपरी आयु में नियमानुसार छूट दी जाएगी। उम्र की गणना 1 जुलाई 2026 को ध्यान में रखकर की जाएगी।

### एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर काला फल, जून की गर्मी में बढ़ी डिमांड

# बाजार में आया ओडिशा का जामुन, सेहत का खजाना, मधुमेह रोगियों के लिए वरदान

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** जेठ और आषाढ़ मौसम में सेहत का खजाना कहे जाने वाला जामुन बाजार में आ गया है। इस बार ओडिशा से आ रहा काला जामुन दो सौ, ढाई सौ से तीन सौ रुपए किलो बिक रहा है। गर्मी और बारिश के बीच इम्यूनिटी बढ़ाने वाले इस फल की डिमांड तेज हो गई है।

### ओडिशा का जामुन सबसे ज्यादा

फल विक्रेताओं के मुताबिक इस समय बाजार में ज्यादातर जामुन ओडिशा से आ रहा है। ओडिशा के गंजाम, रायगढ़ और कोरापुट जिलों में जामुन की पैदावार अच्छी होती है। वहां की काली मिट्टी और जलवायु से फल में मिठास और गूदा ज्यादा रहता है। लोकल जामुन अभी कम आया है, इसलिए ओडिशा के जामुन का ही दबदबा है। थोक में 200-220 रुपए किलो और फुटकर में 250 से 300 रुपए किलो तक बिक रहा है।

### सेहत के लिए वरदान

डायटिशियन डॉ सोनल कालरा बताती हैं कि जामुन मधुमेह रोगियों के लिए वरदान है। इसमें जाम्बोलिन और जाम्बोसिन नामक तत्व होते हैं जो ब्लड



शुगर कंट्रोल करते हैं। एंटीऑक्सीडेंट, आयरन, विटामिन-सी और कैल्शियम से भरपूर जामुन गर्मी में लू से बचाता है, पाचन ठीक करता है और खून की कमी दूर करता है। इसकी गुठली का पाउडर भी शुगर में फायदेमंद है।

### बाजार में बढ़ी रौनक

जून की गर्मी में जामुन-पुदीना का जूस, जामुन शेक और जामुन शॉट्स की भी डिमांड बढ़ी है। सुपेला, पावर हाउस, नेहरू नगर मार्केट में जामुन की आवक तेज है। विक्रेता रामू यादव ने बताया कि सुबह आते ही दोपहर तक माल बिक जाता है। लोग सेहत के लिए महंगा होने के बाद भी ले रहे हैं।

### इन दिनों रहेगा सीजन

व्यापारियों के अनुसार जामुन का सीजन अभी रहेगा। इसके बाद बारिश तेज होते ही आवक कम हो जाएगी। इसलिए जामुन प्रेमी अभी जमकर खरीदारी कर रहे हैं।

## सिटी इवेंट

# योग प्रशिक्षण शिविर में स्वस्थ जीवनशैली का दिया संदेश



**भिलाई।** पतंजलि योग समिति हरिद्वार के शिष्यों द्वारा कान्हा पार्क योग ग्रुप के तत्वावधान में कोहका स्थित बीरा जी के अंगना में निःशुल्क योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर योग, प्राणायाम और स्वस्थ जीवनशैली के महत्व को समझा तथा नियमित योगाभ्यास का संकल्प लिया।

- बीरा जी के अंगना कोहका में नि:शुल्क योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

कार्यक्रम में विशेष रूप से हैवी ट्रांसपोर्ट कंपनी के डायरेक्टर और सर्व समाज कल्याण समिति भिलाई के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह की मां कुलवंत कौर मौजूद थीं। अतिथियों ने योग को भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर बताते हुए कहा कि वर्तमान भागदौड़ भरे जीवन में शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य बनाए रखने के लिए योग सबसे प्रभावी माध्यम है। योग प्रशिक्षकों ने प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम और ध्यान की विधियों का अभ्यास कराया। उन्होंने बताया कि नियमित योग करने से शरीर स्वस्थ, मन शांत और जीवन सकारात्मक बनता है। साथ ही कई बीमारियों से बचाव में भी योग महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। शिविर के दौरान योग के प्रति लोगों में विशेष उत्साह देखने को मिला। प्रतिभागियों ने ऐसे आयोजनों को समाज के लिए उपयोगी बताते हुए भविष्य में भी नियमित योग प्रशिक्षण शिविर आयोजित करने की मांग की। आयोजकों ने बताया कि योग को जन-जन तक पहुंचाने और लोगों को स्वस्थ जीवन के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से यह निःशुल्क शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों से नियमित योग करने और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने का आह्वान किया गया।




### ● आरंभ के साहित्यिक महोत्सव में दो काव्य कृतियों का लोकार्पण, बांग्ला-हिंदी कृतियों पर हुई चर्चा

# समाज की आत्मा है साहित्य, संवेदनाओं की अभिव्यक्ति और मानवता को जोड़ने वाला सबसे सशक्त माध्यम

**भिलाई।** साहित्य समाज की आत्मा है, संवेदनाओं की अभिव्यक्ति है और मानवता को जोड़ने वाला सबसे सशक्त माध्यम है, इसी विचार को साकार करते हुए एक दिवसीय साहित्यिक समारोह रिसाली के होटल में सम्पन्न हुआ। प्रगतिशील जन-विचारधारा की साहित्यिक संस्था आरंभ के तत्वावधान में आयोजित इस महोत्सव में साहित्य, संस्कृति, चिंतन, संवाद और सृजन का संगम दिखाई दिया। कार्यक्रम में दो महत्वपूर्ण काव्य कृतियों प्रसिद्ध बांग्ला कवि प्रकाशचंद्र मण्डल की एखोने अनेकटा पथ चोलते बाकी यानी अभी अनेकों सफर तय करना बाकी है और वरिष्ठ हिंदी कवि डॉ. विजय कुमार गुप्ता मुन्ना की सातवीं कृति सृजन पल का काव्यकुंड का लोकार्पण किया गया। प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से आए साहित्यकारों, कवियों, शायरों, शिक्षाविदों, समाजसेवियों, प्रशासनिक अधिकारियों और बुद्धिजीवियों ने पूरे दिन चले आयोजन में उपस्थित रहे। समारोह की शुरुआत माता सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन और सर्वधर्म प्रार्थना तू ही राम है, तू रहीम है, तू करीम, कृष्ण, खुदा हुआ से की गई। इस दौरान सभागार में धार्मिक समरसता और राष्ट्रीय एकता दिखाई दी। प्रथम सत्र में कृति विमोचन और साहित्यिक परिचर्चा हुई। सम्मान-पत्र का वाचन प्रदीप भट्टाचार्य और रत्ना नारमदेव ने किया।







### कृतियों की समीक्षा और सम्मान

वरिष्ठ साहित्यकार सरला शर्मा ने बांग्ला कृति को जीवन संघर्ष, आशा और सतत गतिशीलता का दस्तावेज बताया। डॉ. अजय आर्य ने सृजन पल का काव्यकुंड को जीवन, समाज, प्रकृति और राष्ट्रप्रेम की विविध भावभूमियों से जुड़ी कृति कहा। दोनों कृतिकारों और उनकी धर्मपत्नियों सुमिता मण्डल और शशिप्रभा गुप्ता को पुष्प वर्षा कर सम्मानित किया गया। नोटों की मालाओं, गुलदस्तों और स्मृति-चिह्नों के साथ उन्हें आरंभ साहित्य गौरव सम्मान से नवाजा गया।





### साहित्य समाज को दिशा देता है : पाण्डेय

मुख्य अतिथि खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग के अध्यक्ष एवं कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त राकेश पाण्डेय ने कहा साहित्य समाज को केवल दर्पण नहीं दिखाता बल्कि उसे दिशा भी देता है। जब संवाद कम होने लगता है, तब साहित्य सबसे विश्वसनीय माध्यम बनता है। विशिष्ट अतिथि हेमचंद यादव विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. भूपेंद्र कुलदीप ने कहा कि युवा पीढ़ी का साहित्य से जुड़ना आशाजनक संकेत है। अध्यक्षता कर रहे छत्तीसगढ़ रत्न डॉ. शिरोमणि माथुर ने कहा कि साहित्य मनुष्य को मनुष्य बनाए रखने की शक्ति देता है। इस दौरान संस्कृत आयोग के पूर्व सदस्य आचार्य डॉ. महेशचंद्र शर्मा उपस्थित रहे।

### द्वितीय सत्र में काव्य पाठ के साथ डॉ. बशीर को दी श्रद्धांजलि

दूसरे सत्र की अध्यक्षता कथाकार डॉ. परदेशीराम वर्मा ने की। संस्था के मुख्य संरक्षक कैलाश जैन बरमेचा ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि आरंभ का उद्देश्य केवल साहित्यिक कार्यक्रम आयोजित करना नहीं, बल्कि समाज में स्वस्थ विचार, सकारात्मक संवाद, सांस्कृतिक चेतना, मानवीय मूल्यों और साहित्यिक संस्कारों का विस्तार करना है। वर्तमान समय में साहित्य की भूमिका पहले से अधिक महत्वपूर्ण हो गई है और समाज को ऐसे मंचों की आवश्यकता है जहां विचार, संवेदना और सृजन का सतत प्रवाह बना रहे। हिंदी, उर्दू और बांग्ला साहित्यकारों की मौजूदगी ने आयोजन को बहुभाषी संगम स्थल बना दिया। महिला साहित्यकारों की सक्रिय भागीदारी रही। समापन पर उर्दू शायर डॉ. बशीर बद्र के निधन पर मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर आलोक कुमार चंदा, ब्रजेश मल्लिक, पल्लव चटर्जी, ठाकुर दशरथ सिंह भुवाल, त्रयम्बक राव साटकर, कमलेश चंद्राकर, शेफाली भट्टाचार्य, मंजू जैन बरमेचा, बानी चक्रवर्ती, स्मृति दत्त, जाविद हसन, शौकत इकबाल, डॉ. इकबाल खान, डॉ. नौशाद अहमद सिद्दीकी, विपुल कुमार सेन, जीवन चंद्र हालदार, घनश्याम कुमार देवांगन, डॉ. संध्या श्रीवास्तव, वर्षा ठाकुर, गजेंद्र द्विवेदी, शुचि, माला सिंह, डॉ. संतोष राय, मिताली श्रीवास्तव वर्मा, पुलक सेनगुप्ता, सुदीप विश्वास, परितोष बनिक, मीता बनिक, गो डॉ. रौनक जमाल, चंद्रशेखर पांडे, सुधीर पाटणकर, तुलसी सोनी, जाहिद खान, दिनेश जैन, डॉ. मानसी गुलाटी, दिलीप बरमेचा, श्रेयांश बरमेचा सहित अनेक प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।

## स्पोर्ट्स लाइव

# भिलाई के हर्ष कोडियार ने राष्ट्रीय आर्म रेसलिंग में जीता स्वर्ण






**भिलाई।** गुजरात के गांधी नगर में 28 मई से 2 जून तक आयोजित 4वीं राष्ट्रीय आर्म रेसलिंग प्रतियोगिता में भिलाई के खिलाड़ी हर्ष कोडियार ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। प्रतियोगिता का आयोजन पीपुल्स आर्म रेसलिंग फेडरेशन इंडिया के तत्वावधान में किया गया, जिसमें फेडरेशन की अध्यक्ष बॉलीवुड अभिनेत्री प्रीति झंगियानी और प्रो पंजा लीग के मालिक प्रवीण डबास विशेष रूप से उपस्थित थे।

- गुजरात में आयोजित 4वीं राष्ट्रीय पंजा कुश्ती स्पर्धा में लहराया परचम

हर्ष कोडियार ने 60 किलोग्राम से कम वजन वर्ग दिव्यांग ग्रुम में दमदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल हासिल किया। उनकी इस उपलब्धि से भिलाई सहित पूरे छत्तीसगढ़ में खुशी का माहौल है। हर्ष पिछले सात वर्षों से लगातार राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में अपने वजन वर्ग में पदक जीतते आ रहे हैं। इसके अलावा वे कई अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भी भारत का प्रतिनिधित्व कर पदक हासिल कर चुके हैं। उनके लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन को देखते हुए उनका चयन अब 28वीं पैरा आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप 2026 के लिए भी किया गया है। हर्ष ने अपनी सफलता का श्रेय अपने कोच सनी बंसोड़ को देते हुए कहा कि कठिन परिस्थितियों में भी उनके कोच ने उनका साथ नहीं छोड़ा और लगातार कड़ा प्रशिक्षण दिया। उसी मेहनत का परिणाम है कि वे राष्ट्रीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतने में सफल रहे। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ पंजा कुश्ती संघ के महासचिव श्रीकांत ने हर्ष को बधाई देते हुए कहा कि हर्ष ने अपनी प्रतिभा, समर्पण और कड़ी मेहनत के दम पर छत्तीसगढ़ का नाम राष्ट्रीय स्तर पर ऊंचा किया है।

## डॉक्टरों ने किया जागरूक

# आपात काल में घबराएं नहीं, हैंड्स ओनली सीपीसीआर का दिया प्रशिक्षण






**भिलाई।** सेक्टर 9 हास्पिटल में सेव ए लाइफ' पहल के अंतर्गत 'हैंड्स-ओनली सीपीसीआर (कार्डियो पल्मोनरी सेरेब्रल रिससिटेशन) प्रशिक्षण कार्यशाला हुई। इसमें ह्दयर रोग पर लोगों को जागरुक किया गया। सभी वर्ग के प्रतिभागी उपस्थित थे। कार्यक्रम का उद्देश्य नागरिकों को उन महत्वपूर्ण जीवन-रक्षक कौशलों से परिचित कराना था, जिनकी सहायता से अचानक कार्डियक अरेस्ट जैसी आपातकालीन स्थिति में लोग घबरा जाते हैं। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को सही तकनीक से चेस्ट कंप्रेशन देने व प्रारंभिक जीवन रक्षक उपायों की जानकारी दी गई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ. विनीता द्विवेदी, व डॉ. कौशलेन्द्र ठाकुर, डॉ. उदय कुमार सहित एनेस्थीसियोलॉजी विभाग की विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ. तनुजा आनंद एवं डॉ. जयिता सरकार द्वारा लोगों को जागरुक किया गया। डॉ. उदय कुमार ने कहा कि सही समय पर और सही तरीके से दिया गया सीपीसीआर किसी व्यक्ति के जीवन को बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। बच्चों, युवाओं, महिलाओं तथा वरिष्ठ नागरिकों ने प्रशिक्षण के दौरान मेडिकल मैनिक्विन पर सीपीसीआर का अभ्यास किया और जीवन रक्षक तकनीकों को समझा।

## अपनाया नवाचार

# नैनो उर्वरकों से बदली खेती, कम लागत में पाया बेहतर उत्पादन



**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा उन्नत कृषि तकनीकों को बढ़ावा देने का असर अब धरातल पर दिखने लगा है। दुर्ग जिले के ग्राम डुमरडीह निवासी प्रगतिशील किसान गोपाल पटेल की सफलता जिले के अन्य अन्नदाताओं के लिए नई प्रेरणा बन गई है। श्री पटेल ने कृषि क्षेत्र में नवाचार अपनाते हुए नैनो डीएपी और नैनो यूरिया का प्रयोग किया, जिसके सकारात्मक परिणाम मिले हैं।

किसान गोपाल पटेल बताते हैं कि पहले वे पारंपरिक रासायनिक उर्वरकों पर अधिक खर्च करते थे, जिससे खेती की लागत बढ़ रही थी। राज्य सरकार के कृषि विभाग के तकनीकी मार्गदर्शन और प्रोत्साहन से उन्होंने नैनो उर्वरकों को अपनाया। इससे पौधों में बेहतर बढ़वार हुई और फसल को संतुलित पोषक तत्व मिले।

**डुमरडीह के प्रगतिशील किसान बने प्रेरणा**

### लागत घटी, पैदावार बढ़ी

नैनो उर्वरकों की कम मात्रा लगने से न केवल लागत में भारी कमी आई, बल्कि फसल की गुणवत्ता और पैदावार दोनों में जबरदस्त सुधार हुआ। इससे उन्हें बेहतर आर्थिक लाभ प्राप्त हुआ है। श्री पटेल इसे आधुनिक खेती की दिशा में सरकार का क्रांतिकारी कदम मानते हैं।उन्होंने अन्य किसानों से भी कृषि विभाग के सुझावों के अनुसार नैनो उर्वरक अपनाने की अपील की है। शासन के निर्देशानुसार कृषि विभाग द्वारा जिले भर में संतुलित पोषण, मृदा स्वास्थ्य संरक्षण और टिकाऊ कृषि को बढ़ावा देने के लिए लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, ताकि किसान कम लागत में बेहतर उत्पादन प्राप्त कर समृद्ध हो सकें।

## जगद्गुरु नरेंद्राचार्य का एक दिवसीय प्रवचन व दीक्षा समारोह आज, हजारों श्रद्धालु होंगे लाभान्वित



**दुर्ग।** 4 जून को जगद्गुरु श्रीमद रामानंदाचार्य नरेंद्राचार्य का शुभागमन होगा। श्री दक्षिण पीठ, नाणीजधाम महाराष्ट्र के पीठाधीश्वर का एक दिवसीय प्रवचन, दर्शन, समस्या मार्गदर्शन एवं दीक्षा समारोह सुबह 9 बजे से श्री राधा कृष्ण मंदिर सत्संग, महेश कॉलोनी, पुलगांव, दुर्ग में होगा। अंधश्रद्धा निर्मूलन उपक्रम के अंतर्गत आयोजित इस समारोह में जगद्गुरु बंधुत्व, प्रेम, संस्कृति संरक्षण और वैदिक संस्कारों का संदेश देंगे। उनका संदेश है कि मन को अध्यात्मवादी, दृष्टि को विज्ञानवादी और बुद्धि को वास्तविकवादी रखें। वे शास्त्रसम्मत एवं आध्यात्मिक-वैज्ञानिक दृष्टिकोण से व्यक्तिगत समस्याओं का समाधान भी बताएंगे। जगद्गुरु ने संतुलित जीवन के लिए तीन सूत्र दिए हैं- प्रतिदिन 10 मिनट इष्टदेव की भक्ति, किसी का अहित न सोचना और तुम जियो और दूसरों को जीवन दो। उनकी प्रेरणा से संस्थान द्वारा निःशुल्क अन्नदान, शिक्षा, एम्बुलेंस सेवा, रक्तदान, वृक्षारोपण जैसे कार्य हो रहे हैं। जनवरी 2026 में 15 दिनों में 1,71,150 यूनिट रक्तदान और 10,346 जलस्थलों का निर्माण किया गया। रामानंद संप्रदाय छत्तीसगढ़ के उपपीठ प्रमुख घनश्याम माहेश्वरी ने अधिक से अधिक श्रद्धालुओं से समारोह में पहुंचने की अपील की है।

### निशुल्क जरूरत के सामान और भोजन पाकर दिखाई दी मुस्कान

# जरूरतमन्दों को दो वक्त का भोजन कराकर मानव सेवा ही माधव सेवा का दिया संदेश

**कार्नर न्यूज**



**भिलाई।** जन समर्पण सेवा संस्था दुर्ग द्वारा सैकड़ों गरीब, असहाय, जरूरतमन्दों को कहावत के अनुसार दो जून की रोटी यानी 2 वक्त का भोजन कराया गया और साथ ही जरूरत की सामाग्री सहित बच्चों को दूध, मिठाई, नमकीन एवं अन्य जरूरत की सामग्री का वितरित की गई। जिसे पाकर सभी के चेहरों पर मुस्कान दिखाई दी। संस्था के अनस खान और अंश पाण्डेय ने बताया कि जन समर्पण सेवा संस्था, दुर्ग द्वारा पुरानी कहावत अनुसार दो जून की रोटी सोमवार को सुबह 11 बजे से 2 बजे तक और शान 7 बजे से देर रात तक दुर्ग रेलवे स्टेशन पोलसाय पारा, पुराना बस स्टैंड, पुलगांव चौक, मिनी माता चौक, स्टेशन के पास, पटेल चौक, बस स्टैंड, वृद्धाआश्रम, अनाथ आश्रम, हॉस्पिटल एवं जिले विभिन्न स्थानों, फुटपाथों में लगभग 350 से ज्यादा जरूरतमंदों को निशुल्क भोजन एवं जरूरत की सामाग्री तेल, साबुन, निरमा, बच्चों को दूध, मिष्ठान नमकीन एवं अन्य जरूरत की सामग्री का वितरण किया गया।



### खाना जीवन की मूल आवश्यकता

संस्था के सदस्यों ने बताया कि दो जून की रोटी से लोगों का मतलब दो वक्त के खाने से होता है। इंसान की जो सबसे आम जरूरत है, वह भोजन ही है। नौकरी और बिजनेस करने वाले से लेकर गरीब सहित हर शख्स भोजन के लिए ही काम करता है और हर किसी की मूल आवश्यकता खाना ही है। खाना इंसान की सबसे बड़ी जरूरतों में से एक है। जिन लोगों को दो वक्त का भोजन नसीब नहीं होता उनकी जिंदगी कष्टप्रद होती है।



### साढ़े तीन सौ से अधिक जरुरमंदों को वितरित किया भोजन

भूखे को रोटी देने और जरूरतमंदों की मदद से करने से बड़ा धर्म कोई और नहीं, भले ही आज के भौतिकवादी युग में ये बातें किताबी लगती है, मगर आज भी समाज मे ऐसे लोग मौजूद है जिन्होंने मानवता की सेवा को ही अपने जीवन का उद्देश्य बना रखा है दुर्ग जिले की जन समर्पण सेवा संस्था पिछले 9 वर्ष 5 माह से निरंतर 170 से अधिक जरूरतमंदों, फुटपाथ, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन में सोने वाले गरीबों को निशुल्क भोजन उपलब्ध करवा रही है। यह संस्था हर जरूरतमंदों और भूखों तक दो वक्त का भोजन पहुंचाने का प्रयास करती है। इसी के तहत संस्था द्वारा रेलवे स्टेशन से लेकर शहर के फुटपाथों में जीवन यापन करने वाले लगभग साढ़े 3 सौ से अधिक जरूरतमंदों तक 2 समय का भोजन पहुंचाया गया। ताकि कोई भूखा न सो सके। इस सभी कार्यों में संस्था के अध्यक्ष योगेन्द्र शर्मा बंटी, आशीष मेश्राम, सुजल शर्मा, राजेन्द्र ताम्रकार, अख्तर खान, अनस खान, अंश पाण्डेय, अंकेश पेशवानी, रूपल गुप्ता, रूपेश शर्मा, मनोज गुप्ता, लाला, अर्जित शुक्ला, मृदुल गुप्ता, समीर खान, सार्थक शर्मा सहित अन्य सदस्यों ने अपनी सेवाएं दी।

## सिटी स्पोर्ट्स

### शह और मात की बाजी में जारी है 121 खिलाड़ियों के बीच मुकाबला



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के निर्देशन एवं प्रदेश शतरंज संघ के महासचिव विनोद राठी के मार्गदर्शन में जिला शतरंज अकादमी रायपुर की ओर से दो दिवसयी जिला स्तरीय अंडर 9 एवं अंडर 17 शतरंज चैंपियनशिप का आगाज बुधवार को रायपुर के बलबीर सिंग जुनेजा इनडोर स्टेडियम स्थित छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के कार्यालय में हुआ।

शह और मात की बाजी में दिमागी जोर आजमाइश करने प्रतियोगिता में रायपुर जिला के कुल 121 शतरंज प्रतिभागी हिस्सा ले रहे है। जिसमे अंडर 9 ओपन वर्ग में 27 खिलाड़ी बालिका वर्ग में 9 खिलाड़ी एवं अंडर 17 ओपन वर्ग में 64 एवं बालिका वर्ग में 21 खिलाड़ी शामिल हैं। इसमें दोनों वर्गों के बालक एवं बालिका वर्ग में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों का चयन आगामी राज्य शतरंज चैंपियनशिप के लिए किया जाएगा। ये चयनित खिलाड़ी राज्य शतरंज चैंपियनशिप में रायपुर जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। स्पर्धा कुल 6 चक्रों में खेली जाएगी। स्पर्धा के मुख्य निर्णायक फीडे आर्बिटर अनिल शर्मा एवं डिप्टी चीफ आर्बिटर हर्ष माने,चंदन विश्वकर्मा, विक्रम सिंह एवं हेमा नागेश्वर है। उक्त जानकारी जिला शतरंज अकादमी के कार्यकारिणी अध्यक्ष आनंद अवधिया एवं कार्यकारिणी सचिव दीपांकर सेन गुप्ता ने दी है।

**3 चक्रों की समाप्ति के बाद अंडर 9 ओपन एवं बालिका वर्ग के परिणाम :** पहले दिन खेले गये 3 चक्रों की समाप्ति के बाद अंडर 9 के ओपन वर्ग में कियांश ओझा साल्वे,युवान कश्यप,अपूर्व भार्गव 3 अंकों के साथ संयुक्त रूप से बढ़त बनाए हुए हैं। शाश्वत श्रीवास 2.5 अंक हासिल कर दूसरे क्रम में है। अंडर 9 बालिका वर्ग में धानवीं मिश्रा,विदुषी सिंह 3 अंकों के साथ संयुक्त रूप से आगे चल रहे हैं। तथा अनिका गुप्ता एवं अभिश्री सोनी 2 अंकों के साथ दूसरे क्रम में है।

**अंडर 17 ओपन एवं बालिका वर्ग के परिणाम :** तीन चक्रों की समाप्ति के बाद अंडर 17 ओपन वर्ग में मेंदा लखित,अनिलेश रॉय, विवान रॉय, भौमिक, दीपांशु वर्मा, भव्यम वर्मा 3 अंकों के साथ संयुक्त रूप से बढ़त बनाए हुए हैं। स्वास्तिक सागर,अभिनव वर्मा 2.5 अंकों के साथ दूसरे क्रम में चल रहे हैं। अंडर 17 के बालिका वर्ग में अदविका पांडे,रावी शेके, सुकृति शर्मा 3 अंकों के साथ संयुक्त रूप आगे चल रहे हैं। अंशिका मिंज 2.5 अंक प्राप्त कर दूसरे क्रम में है।

### इंटरनेशनल चेस फेस्टिवल में यश को दूसरा स्थान, जीते साढ़े तीन लाख का नकद इनाम




**रायपुर।** राजधानी के उदीयमान शतरंज खिलाड़ी यश सिंह ने कीट इंटरनेशनल चेस फेस्टिवल में शानदार प्रदर्शन करते हुए दूसरा स्थान हासिल किया, 1095 खिलाड़ियों के बीच उन्होंने ये उपलब्धि हासिल की।

उन्होंने स्पर्धा के 9 चक्रों में 8 में जीत दर्ज की और एक मात्र मैच में हर मिली. पहले राउंड में उड़ीसा के स्वयं को ,दूसरे राउंड में बंगाल के कृदय रॉय को, तीसरे राउंड में बंगाल के ही आर्का प्रवा को, चौथे राउंड में उड़ीसा के देबा प्रिया बिस्वाल को, 5वे राउंड में राजस्थान के प्रियांशु नायक को हराया और छठवें राउंड में तमिलनाडु के कथेरास्वरण से हार का सामना करना पड़ा। इसके पश्चात की शेष 3 बाजी में तेलंगाना के अद्विक, तमिलनाडु के जीवनंदनम तथा केरला के माधव नायर को हराकर 8 अंकों के साथ उपविजेता होने का गौरव प्राप्त किया. उन्हें पुरस्कार स्वरूप 3 ।लाख पचास हजार रुपए तथा चमचमाती ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। इस स्पर्धा में यश ने 102 रेटिंग की सीधी बढ़त हासिल करने में कामयाब रहे। ज्ञात हो कि केआईआईटी इंटरनेशनल चेस फेस्टिवल भारत के सबसे बड़े और प्रतिष्ठित शतरंज आयोजनों में से एक है। यह आयोजन ओडिशा के भुवनेश्वर में स्थित कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडस्ट्रियल टेक्नोलॉजी द्वारा हर साल किया जाता है। यह स्पर्धा सी कैटेगरी में बिलो 1700 रेटिंगस वाले प्रतिस्पर्धियों के मध्य आयोजित की गई। सम्मान कार्यक्रम में कामनवेल्थ शतरंज के चेयरमैन भरत सिंह चौहान व आयकर विभाग बिलासपुर में पदस्थ अधिकारी रंजन मोहन मोहंती के हाथो यश ने अपना पुरूस्कार राशि ग्रहण की।

### गट हेल्थ और हेयर फॉल जुड़े हैं एक दूसरे से

# पेट खराब रहने से भी झड़ने लगते हैं बाल, आपकी आंतों की सेहत का सीधा संबंध में बालों की मजबूती से

आज के समय में हर दूसरा व्यक्ति हेयर फॉल से परेशान रहता है। ये हेयर फॉल आपकी ही एक गलती या यूं कहें कि लापरवाही की वजह से हो सकता है। बाल झड़ने की समस्या आजकल हर उम्र के लोगों में तेजी से बढ़ रही है। ज्यादातर लोग इसके लिए तनाव, प्रदूषण, खराब लाइफस्टाइल या हेयर केयर प्रोडक्ट्स को जिम्मेदार मानते हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि आपके पेट की सेहत भी बालों की मजबूती से जुड़ी होती है? विशेषज्ञों के अनुसार, गट हेल्थ यानी पाचन तंत्र का खराब होना शरीर में पोषक तत्वों के अवशोषण को प्रभावित कर सकता है, जिसका सीधा असर बालों पर पड़ता है। आइए जानते हैं पेट और बालों के बीच क्या संबंध है और एक्सपर्ट इस बारे में क्या कहते हैं।



#### पोषक तत्वों की कमी बनती है वजह

स्वस्थ बालों के लिए शरीर को आयरन, बायोटिन, जिंक, विटामिन बी12 और प्रोटीन जैसे पोषक तत्वों की जरूरत होती है। अगर पाचन तंत्र ठीक से काम नहीं कर रहा है, तो ये पोषक तत्व शरीर में सही मात्रा में अवशोषित नहीं हो पाते। नतीजतन बालों की जड़ें कमजोर होने लगती हैं और हेयर फॉल बढ़ सकता है।

#### गट इंफ्लेमेशन बढ़ा सकता है हेयर फॉल

जब आंतों में सूजन या गट इंफ्लेमेशन की समस्या होती है, तो शरीर में कई तरह की स्वास्थ्य समस्याएं शुरू हो सकती हैं।लगातार सूजन रहने से बालों के ग्रोथ साइकल पर असर पड़ता है और बाल समय से पहले झड़ने लगते हैं।



#### खराब गट माइक्रोबायोम का असर

हमारी आंतों में मौजूद अच्छे बैक्टीरिया पाचन और पोषण के लिए जरूरी होते हैं। यदि इन बैक्टीरिया का संतुलन बिगड़ जाता है, तो गट माइक्रोबायोम प्रभावित होता है। इससे शरीर की पोषण क्षमता कम हो सकती है, जिसका असर बालों की गुणवत्ता और मजबूती पर दिखाई देता है।

#### कब्ज और पाचन संबंधी समस्याएं

लगातार कब्ज, गैस, अपच या पेट फूलने जैसी समस्याएं शरीर में विषैले तत्वों के जमाव को बढ़ा सकती हैं। इससे त्वचा और बाल दोनों प्रभावित हो सकते हैं। विशेषज्ञ मानते हैं कि लंबे समय तक खराब पाचन बालों के झड़ने का एक कारण बन सकता है।

#### बालों और पेट दोनों को स्वस्थ रखने के उपाय



फाइबर युक्त भोजन का सेवन करें।प्रोबायोटिक फूड्स जैसे दही और छाछ को डाइट में शामिल करें।पर्याप्त पानी पिएं। तनाव को नियंत्रित रखें।संतुलित और पोषक आहार लें।

#### हमेशा ये बात याद रखें

बालों की सेहत केवल बाहरी देखभाल पर निर्भर नहीं करती, बल्कि आपके पेट की स्थिति भी इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। यदि लंबे समय से हेयर फॉल की समस्या है, तो गट हेल्थ पर ध्यान देना भी जरूरी है।

## राष्ट्रीय म्यू थाई में बस्तर के युवराज और बालोद की तनुश्री ने दिलाए छत्तीसगढ़ को दो स्वर्ण पदक

**रायपुर।** सातवीं यूएमएआई राष्ट्रीय यूथ म्यू थाई चैंपियनशिप 01 से 04 जून तक इन्दिरा गाँधी इंडोर अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम हल्द्वानी (उत्तराखंड) में जारी है। जिसमें छत्तीसगढ़ से 27 खिलाड़ी और 09 अधिकारी सहित 36 सदस्यीय दल भाग ले रहा है।

यूनाइटेड म्यू थाई एसोसिएशन इण्डिया (यूएमएआई) के तत्वावधान में म्यू थाई एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के द्वारा 7वीं यूएमएआई राष्ट्रीय यूथ म्यू थाई चैंपियनशिप में पहले दिन 01 जून को आगंतुकों का पंजीयन, खिलाड़ियों का मेडिकल हुआ।

दूसरे दिन 02 जून को खिलाड़ियों का वजन, टाई शीट बनाने के अलावा उदघाटन समारोह हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि उत्तराखंड शासन की खेल मंत्री रेखा सहाय थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता यूएमएआई के अध्यक्ष मनोज वर्मा ने की। विशेष अतिथि के रूप में उत्तराखंड स्पोर्ट्स कॉउंसिल (उत्तराखंड सरकार) के अध्यक्ष कुलदीप सिंह बटोला, यूएमएआई महासचिव श्रीराम चौधरी आदि उपस्थित थे। उदघाटन समारोह में छत्तीसगढ़ म्यूथाई संघ के महासचिव अनीस मेमन (फेडरेशन के संयुक्त सचिव) ने प्रभावी मंच संचालन किया। उदघाटन समारोह मे जानकारी दी गई कि म्यू थाई खेल को आगामी राष्ट्रीय खेल 2027 मेघालय में शामिल किए जाना प्रस्तावित है जिससे म्यूथाई खिलाड़ियों में उत्साह और हर्ष का माहौल बना। इस राष्ट्रीय चैंपियनशिप में 26 राज्यों 05 केन्द्र प्रशासित क्षेत्र के लगभग 900 खिलाड़ी भाग ले रहे है।

02 जून से प्री क्वालीफाइंग राउंड के मुकाबले प्रारम्भ हुए। तीसरे दिन बुधवार को सब जूनियर वर्ग के मुकाबले प्रारम्भ हुए जिसमे दल्लीराजहरा (बालोद) की तनुश्री मीणा ने फाइनल में गोआ के खिलाड़ी को परास्त कर स्वर्ण जीत कर छत्तीसगढ़ को दूसरा स्वर्ण पदक दिलाया। कल देर रात जगदलपुर (बस्तर) के युवराज सिंह ने -86 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर छत्तीसगढ़ के पदकों का खाता खोला था। वहीं रायपुर की खिलाड़ी बलजीत कौर और दल्लीराजहरा सिद्धि निर्मलकर ने फाइनल में परास्त होने के पश्चात रजत पदक जीता तथा दल्लीराजहरा की ट्विंकल सेमीफाइनल में परास्त होकर काँस्य पदक जीता और छत्तीसगढ़ के पदको की संख्या 05 पहुंचाई। देर शाम हुई यूएमएआई की आमसभा में छत्तीसगढ़ से लखन कुमार साहू (अध्यक्ष), अनीस मेमन (महासचिव) एवँ अमन यादव (चेयरपर्सन एथलीट कमीशन) ने राज्य का प्रतिनिधित्व किया।



#### छत्तीसगढ़ को अब तक 5 पदक

युवराज सिंह-स्वर्ण (अंडर-18,-86 किग्रा), तनुश्री मीणा-स्वर्ण (अंडर-14,-34किग्रा), बलजीत कौर- रजत (अंडर-14, -44किग्रा),सिद्धि निर्मलकर-रजत (अंडर-14,-50किग्रा) और ट्विंकल-काँस्य (अंडर-12,-32किग्रा) शामिल हैं। छत्तीसगढ़ के दो खिलाड़ी क्वार्टर फाइनल में परास्त होकर पदक की दौड़ से बाहर हो गए हैं। छत्तीसगढ़ के अन्य सभी खिलाड़ी प्री क्वार्टर फाइनल, क्वार्टर फाइनल या सेमी फाइनल में है। देर रात और कल 04 जून को चैंपियनशिप के अन्तिम दिन छत्तीसगढ़ के पदकों की संख्या बढ़ने की संभावना है।

## घर पर तैयार करें चीज, कम खर्च में पा लेंगी सेहत का खजाना



आजकल के युवाओं में चीज को लेकर काफी क्रेज है। बाजार में मिलने वाले पिज्जा से लेकर घर पर पर बनने वाले पराठे तक में लोग चीज का इस्तेमाल करके उसका स्वाद बढ़ा लेते हैं। दूध से बनने वाला ये चीज खाने में काफी स्वादिष्ट होता है। इसके इस्तेमाल से कई पकवान बनते हैं, जो बड़ों से लेकर बच्चों तक को काफी पसंद आते हैं।

बाजार में मिलने वाला चीज काफी महंगा आता है, इसलिए लोग इसे ज्यादा नहीं खरीद पाते। इसमें कई प्रकार के केमिकल्स भी मिले होते हैं, जो स्वास्थ्य को काफी नुकसान पहुंचाते हैं। इसी के चलते आज हम आपको यहां घर पर ही चीज बनाने का आसान तरीका बताएंगे, ताकि आप कम पैसे में ज्यादा और फ्रेश चीज तैयार कर सकें। घर पर चीज बनाने के सामान में दूध 1 लीटर (फुल क्रीम) सिरका या नींबू का रस होना चाहिए।

#### चीज बनाने की विधि


घर पर चीज बनाना चाहते हैं तो पहले ये ध्यान दे लें कि इसे बनाने के लिए जो दूध खरीदें वो फुल क्रीम हों। यदि दूध फुल क्रीम नहीं होगा तो चीज ज्यादा अच्छा नहीं बनेगा। अब दूध लेने के बाद उसे मध्यम आंच पर गर्म करें। एक गहरे बर्तन में दूध को मध्यम आंच पर गरम करें। जब दूध में उबाल आने लगे तो गैस को एक दम धीमा कर दें। धीमी गैस पर अब धीरे-धीरे सिरका या नींबू का रस डालते जाएं और चम्मच से दूध चलाते रहें। सिरका या नींबू डालते समय आपको दूध को को लगातार चलाना है। इसके इस्तेमाल से कुछ ही देर में दूध फटने लगेगा, जिसके बाद छेना और पानी अलग हो जाएगा। इसे एक मलमल के कपड़े में बांधकर निचोड़ लें।



## रोज करें अलग-अलग तरह की वॉक, तेजी से घटेगा मोटापा

महिलाओं को सेहतमंद रहने के लिए हेल्दी रूटीन को अपनाना चाहिए। अक्सर महिलाओं को शिकायत रहती है कि घर के काम और बाहर की जिम्मेदारियों के बीच, फिटनेस के लिए टाइम ही नहीं मिल पाता है। लेकिन, असल में आपको फिटनेस के लिए बहुत वक्त नहीं निकालना है। दिनभर के कामों के बीच थोड़ा ध्यान भी अगर आप अपनी सेहत पर देंगी और रूटीन में कुछ खास चीजों को शामिल करेंगी, तो वजन भी मेंटेन रहेगा और सेहत भी दुरुस्त होगी। क्या आपको पता है कि महिलाओं को रोजाना 3 तरह की वॉक जरूर करनी चाहिए। इससे सेहत को कई फायदे मिल सकते हैं। इस बारे में योगा एक्सपर्ट नताशा कपूर जानकारी दे रही हैं। वह सर्टिफाइड योगा टीचर हैं।

एक्सपर्ट का कहना है कि महिलाओं को रोजाना कम से कम 1000 कदम जरूर चलना चाहिए।आप सुबह,शाम या रात में किसी भी समय वॉक जरूर करें।लंच के बाद या डिनर के बाद वॉक करना भी फायदेमंद रहता है।इससे वजन कम होता है, हार्ट हेल्थ दुरुस्त होती है और शरीर भी एक्टिव रहता है।डेली वॉक करने से दिल की बीमारियों को जोखिम भी कम होता है।रोजाना वॉक करने से डाइजेशन भी दुरुस्त रहता है और नींद अच्छी आती है।इससे इम्यूनिटी में भी सुधार होती है और चेहरे पर निखार आता है।



#### मलासन में वॉक करें

मलासन में वॉक करना भी महिलाओं के लिए काफी फायदेमंद रहता है।इसके लिए सबसे पहले सीधी खड़ी हो जाएं।अब दोनों पैरों को एक-दूसरे से थोड़ा दूर रखें।स्क्वाट की पोजिशन में आ जाएं।आपको घुटनों को मोड़कर हिप्स की जमीन की तरफ लाना है।इस समय पर बैकबोन को एकदम सीधा रखें।अब इस पोजिशन को होल्ड करें।आप दोनों हाथों को जोड़कर प्रणाम करने वाली पोजिशन में ला सकती हैं।इसके बाद इसी पोजिशन में एक पैर को और फिर दूसरे पैर को आगे बढ़ाएं।अब इसी तरह कुछ देर चलने की कोशिश करें।मलासन में वॉक करने से कब्ज दूर होती है और पेट रोज सुबह आसानी से साफ होता है।रोजाना ऐसा करने से बेली फैट भी धीरे-धीरे कम होता जाएगा।इससे पेल्विक मसल्स मजबूत होती हैं और पीरियड्स के दिनों में होने वाली मुश्किलें भी दूर होती हैं। ब्रिस्क वॉकिंग काफी फायदेमंद होती है। अगर आप रोजाना 20 मिनट वॉक करती हैं, तो इससे कैलोरीज तेजी से बर्न होती हैं।



ब्रिस्क वॉक में आपको तेजी से चलना होता ताकि शरीर के सभी अंगों में स्ट्रेच पैदा हो सके।,इसे करते वक्त स्पोर्ट्स शूज जरूर पहनें और अपनी वॉक करने की स्पीड को धीरे-धीरे बढ़ाएं। तेजी से चलने से वजन कम होता है। इससे स्ट्रेस कम होता है और बीपी कंट्रोल में रहता है। यह हड्डियों को मजबूत करता है। इससे पीठ दर्द भी कम होता है।

#### वजन कम करने के लिए रोज कितने कदम चलना है जरूरी?

महिलाओं को हेल्दी डाइट और एक्सरसाइज के साथ, वॉकिंग को भी अपने रूटीन में शामिल करना चाहिए। अगर आप एक्सरसाइज करने का वक्त नहीं निकाल पा रही हैं।

कार्नर न्यूज

### इस नए चलन के बारे में जानिए सब कुछ

# नौजवान जोड़े तेजी से अपना रहे बेबीमून का रास्ता बच्चे के जन्म से पहले साथ वक्त बिताने का नया ट्रेंड

बेबीमून कपल के लिए एक खूबसूरत अनुभव है जो माता पिता बनने के उनके भावनात्मक सफर को और खास बना देता है। आइए जानते हैं बेबीमून इतना ज्यादा लोकप्रिय क्यों हो रहा है। हनीमून के बाद बेबीमून पर जाने की क्या जरूरत होती है और बेबीमून पर जाने का सही समय क्या है।

शादी के बाद हनीमून का चलन काफी तेजी से बढ़ा है। लोग अपने पार्टनर संग वक्त बिताने, एक दूसरे को समझने और शादी -समारोह की थकावट दूर करने के लिए घूमने जाते हैं जिसे हनीमून कहते हैं लेकिन अब एक नया ट्रेंड भी कपल के बीच काफी तेजी से लोकप्रिय हो रहा है, जिसका नाम है बेबीमून। बेबीमून शब्द बेबी और हनीमून का मिश्रण है। इसका मतलब है बच्चे के जन्म से पहले माता-पिता द्वारा एक छोटा सा ट्रिप या छुट्टियां बिताना। यह कपल के लिए दूसरे हनीमून की तरह ही होता है लेकिन डिलीवरी से पहले कपल के लिए सेलिब्रेशन का एक खास मौका होता है। इस दौरान महिला को आरामदायक और रोमांटिक माहौल देकर उसे खास महसूस कराया जाता है। बेबीमून कपल के लिए एक खूबसूरत अनुभव है जो माता पिता बनने के उनके भावनात्मक सफर को और खास बना देता है। इस लेख में जानते हैं कि बेबीमून इतना ज्यादा लोकप्रिय क्यों हो रहा है। हनीमून के बाद बेबीमून पर जाने की क्या जरूरत होती है और बेबीमून पर जाने का सही समय क्या है।



#### क्या है बेबीमून?

बेबीमून एक ऐसी छुट्टी होती है जिसे कपल्स बच्चे के आने से पहले रिलैक्स करने, एक-दूसरे के साथ अकेले खास वक्त बिताने और आने वाले जीवन में बदलावों के लिए मानसिक रूप से तैयार होने के लिए लेते हैं। यह बच्चे के जन्म से पहले कपल का सेकेंड हनीमून जैसा होता है।

#### क्यों बढ़ रही बेबीमून की लोकप्रियता?

बेबीमून व्यस्त और कामकाजी जीवन से ब्रेक का मौका देता है। आजकल की जीवनशैली में लोग हर वक्त व्यस्त रहते हैं। ऐसे में बेबीमून कपल के लिए एक ब्रेक की तरह होता है।

इस छुट्टियों में आप माता-पिता बनने की तैयारी कर सकते हैं। यह वह समय होता है जिसे वह एक दूसरे के साथ बिताकर भावनात्मक रूप से मजबूत होते हैं।

बच्चे के आने के बाद जीवन काफी व्यस्त हो जाता है। कपल की लाइफ में और रिश्ते में कई बड़े बदलाव होते हैं। ऐसे में बेबीमून उन खास पलों को संजोने या यादगार पल बनाने का मौका देता है।



#### बेबीमून पर कब जाना चाहिए?


बेबीमून पर जाने की योजना बना रहे हैं तो गर्भवती के स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए दूसरी तिमाही के दौरान यात्रा पर जाएं। इस अवधि में महिला का स्वास्थ्य अपेक्षाकृत बेहतर होता है।। इस दौरान गर्भवती प्रेगनेंसी के 14 से 28 सप्ताह के बीच बेहतर महसूस करती हैं। वहीं गर्भावस्था के 37वें सप्ताह में यात्रा से बचने की सलाह दी जाती है।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## पॉप स्टार मिनोग का बड़ा खुलासा बोलीं- पांच साल पहले हुआ था कैंसर

पॉप स्टार काइली मिनोग ने अपनी डॉक्यूमेंट्री 'काइली' में अपने जीवन से जुड़ी कई बड़ी बातों का खुलासा किया है। डॉक्यूमेंट्री के लॉन्च इवेंट पर काइली भावुक हो गईं।



उन्होंने पूर्व में हुई गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं के बारे में भी बताया और यह भी बताया कि वो इन समस्याओं से कैसे उबरीं? सिंगर और अभिनेत्री काइली मिनोग की नई डॉक्यूमेंट्री रिलीज की गई। इस मौके पर काइली ने अपने स्वास्थ संबंधी मुश्किलों पर खुलकर बात की। उन्होंने अपने उस वक्त को याद किया और स्तन कैंसर जैसी खतरनाक बीमारी से निजी तौर पर लड़ने के बारे में साझा किया।

इस डॉक्यूमेंट्री में काइली ने बताया कि वो एक बार नहीं, बल्कि दो बार कैंसर से लड़ चुकी हैं। वह दूसरी बार 2021 में इस बीमारी से पीड़ित हुई थीं। काइली ने कहा, 'मुझे 2021 की शुरुआत में दूसरी बार कैंसर होने का पता चला। मैंने पहली बार की तरह इस बारे में सबको नहीं बताया और इसे अपने तक ही सीमित रखने में कामयाब रही।'

उन्होंने आगे कहा, 'शुक्र है, मैं इससे उबर गई। खैर, कौन जानता है कि आगे क्या होगा? लेकिन पॉप संगीत मुझे प्रेरित करता है। संगीत के प्रति मेरा जुनून पहले से कहीं अधिक है।'

इस मौके पर मिनोग ने यह भी बताया कि इसका निदान एक नियमित जांच के बाद हुआ। उन्होंने कहा कि शुरुआती पहचान ने उनकी मदद की। काइली ने दूसरों से भी नियमित जांच कराने का आग्रह किया। पॉपस्टार काइली ने अपने कैंसर के अनुभव को साझा कर दूसरों को भी इस बारे में सजग होने की सलाह दी।

### टॉलीवुड

## 'बेंज' में नजर आएंगे रवि मोहन, लोकेश की इस फिल्म का निर्देशन करेंगे कन्नन

तमिल सिनेमा के मशहूर अभिनेता रवि मोहन निर्देशक लोकेश कनगराज के मशहूर



'लोकेश सिनेमैटिक यूनिवर्स' का हिस्सा बन गए हैं। वे आगामी फिल्म 'बेंज' में दिखाई देंगे। इस फिल्म में उनके साथ निविन पॉली और राघव लॉरेंस भी मुख्य भूमिकाओं में हैं।

लोकेश कनगराज ने खुद एक्स पर रवि मोहन की बेंज के सेट से कुछ तस्वीरें शेयर की हैं। इस फिल्म को बक्कियाराज कन्नन लिख और डायरेक्ट कर रहे हैं, जबकि लोकेश कनगराज इसके प्रोड्यूसर हैं। फिल्म का संगीत साई अभ्यंकर ने तैयार किया है। रवि मोहन को आखिरी बार सुधा कोंगारा द्वारा निर्देशित फिल्म 'पराशक्ति' में देखा गया था।

फिल्म की घोषणा के बीच, रवि मोहन अपनी पर्सनल लाइफ और तलाक के विवाद को लेकर भी चर्चा में हैं। चेन्नई में हुई एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में वे काफी भावुक नजर आए और उन्होंने कई बड़े खुलासे किए। उन्होंने एलान किया कि जब तक उनका तलाक फाइनल नहीं हो जाता, तब तक वे फिल्मों में एक्टिंग नहीं करेंगे और न ही उनकी कोई फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज होगी। रवि ने अपनी पत्नी आरती और उनके परिवार पर आरोप लगाया कि वे उन्हें मानसिक रूप से परेशान कर रहे हैं और बच्चों से मिलने नहीं दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनके बच्चों की सालाना फीस 50 लाख रुपये है, जिसे वे खुद भरते हैं।

रवि मोहन ने आरोप लगाया कि आरती ने शादी के समय हाथ काटकर उन्हें ब्लैकमेल किया था। शादी के बाद उन्हें अपने ससुराल के प्रोडक्शन हाउस से बाहर काम करने की आजादी नहीं थी और उनके साथ एक सीरियल एक्टर की तरह बर्ताव किया जाता था। उन्होंने कहा कि इतने साल तक चुप रहना उनकी बेवकूफी थी।

### भोजपुरी

## 'देवरा निहारे छतिया' में पवन और नीलम ने उड़ाया गर्दा

भोजपुरी के पावर स्टार पवन सिंह के नए गाने 'देवरा निहारे छतिया' ने गर्दा उड़ा दिया है। इस गाने को 13 मिलियन से ज्यादा व्यूज मिल चुके हैं। गाने में नीलम



गिरी हैं, जिनके साथ पवन सिंह की केमिस्ट्री खूब पसंद की जा रही है। जब भी भोजपुरी के गानों की बात आती है तो 'पावर स्टार' पवन सिंह का कोई जवाब नहीं। उनके गाने रिलीज होते ही छा जाते हैं और कई दिनों तक यूट्यूब पर ट्रेंड भी करते रहते हैं। अभी तक पवन सिंह के कई ब्लॉकबस्टर और रिकॉर्डतोड़ गाने आ चुके हैं और अब एक और गाना छाया हुआ है। इस गाने के बोल हैं 'देवरा निहारे छतिया', जो यूट्यूब पर 12वें नंबर पर ट्रेंड कर रहा है और रिलीज हुए एक हफ्ता हो चुका है। इस गाने को यूट्यूब पर अभी तक 13 मिलियन से अधिक व्यूज मिल चुके हैं।


'देवरा निहारे छतिया' में पवन सिंह की जोड़ी भोजपुरी सिनेमा की खूबसूरत हसीना नीलम गिरी के साथ है। नीलम की अदाएं एकदम कातिलाना हैं और गाने में पवन सिंह भी उनसे बच नहीं पाते। दोनों के बीच की तड़कती-भड़कती केमिस्ट्री और आग पर्दे पर आ लगा रही है। फैंस भी ताबड़तोड़ कमेंट्स कर रहे हैं और इस जोड़ी पर प्यार लुटा रहे हैं। एक फैन ने लिखा है, 'ऐसे ही गाने का इंतजार था पवन भैया आपसे।' एक का कमेंट है, 'पूरा ब्लास्ट हो गया। पवन भैया असली टीआरपी किंग हैं।' एक और ने लिखा, 'गाना ऐसा बनाओ की आरा से अमेरिका तक हिल जाए। बवाल मच जाई।'




बार्सिलोना ब्राइडल फ़ैशन वीक 2026 में इंडस्ट्री के कुछ सबसे मशहूर डिज़ाइनरों की तरफ़ से शानदार कारीगरी, रोमांटिक डिजाइन और मॉडर्न ब्राइडल एलिगेंस का एक बेहतरीन मेल देखने को मिला। पूरे हफ़्ते के कुछ बेहतरीन लुक्स रिका स्पोसा, जोली, एटलियार, वांग कोचर, वोना और इवा जैसे ब्रैंड्स ने पेश किए।

## बालों को ऐसे स्टाइल करेंगी तो गर्मी से बची रहेंगी आप, इस मौसम में भी मिलेगी राहत

गर्मी के मौसम में हर लड़की के सामने एक बड़ी मुश्किल होती है कि अपने बालों को कैसे स्टाइल करें। उन्हें अक्सर ये समझ नहीं आता कि वो अपने बालों को किस तरह से स्टाइल करें, जिससे उनका लुक भी अच्छा दिखे और उन्हें गर्मी भी न लगे। यहां हम आपकी इसी परेशानी का हल लेकर आए हैं। हम आपको बताएंगे और दिखाएंगे कुछ ऐसी आसान हेयर स्टाइल, जिसको आप आसानी से अपने बालों में बना सकते हैं। खास बात ये है कि इसके लिए आपको कुछ मेहनत करने की जरूरत नहीं पड़ेगी।



### ब्रेड विद एक्सेसरीज

यदि आपको कहीं जाना है तो सिंपल की स्लीक ब्रेड यानी कि चोटी बनाकर उसमें खूबसूरत की हेयर एक्सेसरीज एड करें। जैसे आजकल बारिश का मौसम है, तो आप तितली वाली ऐसी ही एक्सेसरीज अपनी चोटी में एड कर सकती हैं। चाहें तो इसी चोटी से आप बन भी तैयार कर सकती हैं।

### स्लीक बन

युवा लड़कियों को ऐसा स्लीक बन काफी पसंद आता है। ऐसे में आप इस तरह का स्लीक बन भी गर्मी के मौसम में बना सकती हैं। ऐसा स्लीक बन वेस्टर्न आउटफिट पर काफी कमाल का लगता है। इसे बनाने के लिए आपको ज्यादा मेहनत करने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

### बन विद गजरा

पूजा-पाठ या फिर शादी-विवाह में जाना है तो स्लीक बन बनाकर उसमें गजरा एड करें। गजरे की वजह से खूबसूरती में चार चांद लग जाते हैं। अगर ये गजरा असली फूलों का होगा, तब ज्यादा अच्छा रहेगा। इसमें से खुशबू भी आएगी, जो आपकी खूबसूरती को बढ़ा देगी। ऐसी हेयर स्टाइल के साथ यदि एथनिक वियर पहना है, तो माथे पर बिंदी अवश्य लगाएं।

## फैशन का बिखेरें जलवा पहनें ऐसे ट्रेंडी आउटफिट



मौसम भीषण गर्मी के साथ-साथ शादियों का भी है। ईद के बाद लोग मिलने एक दूसरे के घर जा रहे हैं, वहीं पार्टियों का दौर भी चल रहा है। ऐसे में आपको महफिल के लिए शानदार डिजाइन के कपड़ों के कुछ विकल्प जानना चाहिए, जिसे पहनकर आप स्टाइलिश के साथ खूबसूरत भी दिखेंगी।



### पहनें पारंपरिक सूट

यदि आप अपना पारंपरिक अंदाज दिखाना चाहती हैं तो कुछ और पहनने की जगह चूड़ीदार पाजयामी वाला सूट कैरी करें। यदि आप सारा अली खान के जैसा टिश्यू फैब्रिक का सूट कैरी करेंगी, तो आपका अंदाज काफी खूबसूरत दिखेगा। इसके साथ मैचिंग की ज्वेलरी पहनकर अपना लुक कंप्लीट करें, ताकि हर कोई आपको देखकर आपकी तारीफ किए बिना रह नहीं पाए।



### गरारा सूट भी लगेगा क्लासी

आपके लिए ये जानना जरूरी है कि गरारा सूट, शरारा से काफी अलग होता है। गरारा सूट में घुटने तक टाइट फिटिंग होती है, और उसके बाद नीचे घेर होता है। इसलिए ऐसे गरारा सूट को अपने कलेक्शन में शामिल हैं और बकरीद पर इसे ही पहनें। यदि गरारा सूट का रंग डार्क है तो अपना मेकअप भी उसी हिसाब से करें।

### शरारा सूट भी है ट्रेंड में

कुछ ऐसा पहनने का सोच रही हैं, जो आरामदायक भी हो तो शरारा सूट कैरी करें। शरारा सूट देखने में काफी अच्छा लगता है, जिस वजह से इसे आप पूरा दिन पहने रख सकती हैं। इसके साथ अपने बालों को अशनूर की तरह ही खुला करके कर्ल करें, ताकि आपका अंदाज भी अच्छा दिखे। त्योहारों और पार्टियों के मौके पर अनारकली सूट काफी क्लासी लगता है। बस ध्यान रखें कि मौका इतने बड़े त्योहार का है तो थोड़ा हैवी सा अनारकली सूट ही कैरी करें, ताकि आपका अंदाज अच्छा दिखे। यदि ये हल्का या फिर शिफॉन फैब्रिक का होगा, तो हो सकता है कि ये आपको वैसा लुक न दे, जैसा आप चाह रही हैं।

## बारिश की खुजली दूर होगी घरेलू नुस्खे से, तुरंत मिलेगा आराम

अभी बारिश का मौसम पूरी तरह तो नहीं आया है लेकिन कहीं-कहीं अचानक बादल बरस पड़ते हैं। इस मौसम की वजह से काफी परेशानियों का सामना भी करना पड़ता है। सबसे ज्यादा परेशानी होती है उन लोगों को जिनकी त्वचा संवेदनशील होती है। बारिश में थोड़ा सा भी भीगने से उनकी त्वचा पर खुजली होने लगती है। यही खुजली आगे जाकर फंगल इंफेक्शन का कारण भी बन जाती है। इसी के चलते आपको कुछ ऐसे घरेलू नुस्खे जानना चाहिए, जिनके इस्तेमाल से आप अपने घर बैठे ही बिना दवाईयों से इस खुजली से राहत पा सकते हैं। इसके लिए आपको बस कुछ आसान नुस्खे आजमाने होंगे।



### नीम के पानी से नहाएं

यदि आपके घर के आस-पास कहीं नीम का पेड़ है तो उससे नहाकर आप इस खुजली को दूर कर सकते हैं। इसके लिए सबसे पहले नीम की पत्तियों को पानी में उबाल लें। अब इस पानी को छानकर ठंडा होने दें। जब ये ठंडा हो जाए तो इसी पानी से नहाएं। नीम में मौजूद एंटीबैक्टीरियल और एंटीफंगल गुण शरीर की खुजली को गायब कर देंगे। चाहें तो नीम के पानी को रुई की मदद से भी शरीर पर लगा सकते हैं। इससे भी आपको तत्काल राहत मिलेगी।

### एलोवेरा जेल लगाएं

यदि आपको इस खुजली से तुरंत राहत चाहिए तो एलोवेरा जेल का इस्तेमाल करें। घर में मौजूद एलोवेरा जेल भी बारिश के गंदे पानी से होने वाली खुजली को दूर करने का काम करेगा।इसके लिए यदि आप ताजा एलोवेरा जेल का इस्तेमाल करेंगे तो ये आपके लिए ज्यादा फायदेमंद रहेगा। ताजा एलोवेरा जेल में भी ठंडक और हीलिंग वाले गुण होते हैं।

## सनस्क्रीन स्प्रे के फायदे और नुकसान जरूर जान लें

हममे से ज्यादातर लोगों को पास क्रीम के रूप में ही सनस्क्रीन होगी, जिसका इस्तेमाल एक साधारण क्रीम की तरह ही किया जाता है। इसे हाथ में निकालना होता है, और फिर शरीर पर अप्लाई करना होता है। यदि इसे सही तरह से अप्लाई किया जाए तो सूरज की हानिकारक किरणें स्किन को डैमेज नहीं कर सकतीं। सिर्फ सनस्क्रीन ही है, जो शरीर को सनबर्न और टैनिंग से बचाकर रखती है। इसका इस्तेमाल करना काफी आसान होता है। पर, क्या आप जानते हैं कि अब बाजार में स्प्रे वाली सनस्क्रीन भी मिलने लगी है। जिसे लगाना काफी आसान है। यदि आप भी सनस्क्रीन खरीदने का सोच रहे हैं, तो इसके फायदे और नुकसान जान लें।



### लगाने में काफी आसान

क्रीम सनस्क्रीन हम चेहरे और हाथ-पैर में तो आसानी से लगा लेते हैं, लेकिन पीठ और कमर पर इसे लगाना मुश्किल होता है। ऐसे में यदि आप स्प्रे सनस्क्रीन का इस्तेमाल करेंगे तो इसे आप आसानी से अप्लाई कर सकते हैं। इसे क्रीम सनस्क्रीन की तुलना में लगाना काफी आसान होता है।

### ऑयली स्किन के लिए फायदेमंद

यदि आप स्प्रे सनस्क्रीन का इस्तेमाल करते हैं, तो आपकी त्वचा चिपचिपी नहीं होगी। दरअसल, क्रीम वाली सनस्क्रीन त्वचा में चिपचिपाहट पैदा कर देती है। ऐसे में स्प्रे वाली सनस्क्रीन आपकी त्वचा को चिपचिपेपन से बचाकर रखती है।

### जल्दी करती है असर

जहां क्रीम वाली सनस्क्रीन को बाहर जाने से तकरीबन 20 मिनट पहले अप्लाई करना होता है। वहीं स्प्रे सनस्क्रीन को आप सिर्फ 10 मिनट पहले अप्लाई करेंगे तो भी काफी होगा। ये क्रीम सनस्क्रीन के मुकाबले जल्दी असर करना शुरू करती है, क्योंकि ये त्वचा में जल्दी एब्जॉर्ब होती है।

### कार्नर न्यूज


## अपने बालों को सेहतमंद बनाए रखने उठाएं कुछ कदम, निखर उठेगी आपकी पर्सनालिटी

सब हेडिंग- मेंस फैशन में भी बालों की देखभाल एक जरूरी कदम

बात मेंस फैशन की हो तो हर कोई डैंड्रफ फ्री और सेहतमंद बाल चाहता है। लेकिन बालों को लेकर कई समस्याएं हैं। अगर आप चाहें तो हर मौसम में इस स्थिति पर नियंत्रण पा सकते हैं और उन कई कारणों को कम कर सकते हैं, जो आपके बालों को खराब करते हैं और आपको डैंड्रफ की ओर ले जाते हैं। और सबसे महत्वपूर्ण बात ये है कि इनमें से अधिकतर उपाय न केवल आसान हैं, बल्कि इनमें बहुत कम समय भी लगता है।

### हॉट ऑयल मसाज

नारियल का तेल आपकी त्वचा और बालों से संबंधित लगभग सभी समस्याओं से निपटने का एक शानदार तरीका है। हालांकि, जब बात आपके बालों और सिर की त्वचा को फिर से जीवंत करने की आती है, तो यह बिल्कुल नए स्तर पर काम करता है। नारियल तेल की गर्म मालिश न केवल आपके स्कैल्प को नमी बनाए रखने में मदद करती है, बल्कि यह ब्लड सर्कुलेशन को बढ़ाने में भी बहुत प्रभावी है, जो बदले में न केवल आराम देता है, बल्कि आपकी स्किन को भी एक अच्छी वाइब देता है।



### गर्म पानी से स्नान

हम जानते हैं कि ज्यादातर लोग सर्दियों में नियमित रूप से नहाने से बचते हैं, वहीं गर्मियों में कई-कई बार नहा लेते हैं। हालांकि मौसम की परवाह किए बिना रोज नहाना आपके लिए बहुत फायदेमंद है। आप जो कर सकते हैं, वह है पानी का तापमान नियंत्रित करना। गर्म पानी या बर्फीले ठंडे पानी से स्नान करने के बजाय, पानी को सही तापमान पर सेट करने का प्रयास करें। यह न केवल आपके बालों में दिन भर जमा होने वाली अधिकांश धूल और मिट्टी को धो देता है, बल्कि यह आपकी स्किन को अधिक ब्लड सर्कुलेशन की सुविधा प्रदान करता है। और चूंकि हर दिन अपने बालों को शैम्पू या कंडीशनर करना संभव नहीं है, इसलिए नहाने से आपके बाल साफ और चमकदार बने रहते हैं।

### भाप

पुरुषों के लिए ये थोड़ा अपरंपरागत तरीका है, लेकिन जनाब स्टीम वास्तव में आपकी खोपड़ी और बालों के लिए बहुत फायदेमंद है, अगर आप इसे सही तरीके से करते हैं। स्टीमिंग डैमेज बालों को फिर से जीवंत और ठीक करने का एक शानदार तरीका है, और यह उनमें नमी बनाए रखने में मदद करता है। बस सुनिश्चित करें कि आपके पास स्टीम को नियंत्रित करने का एक तरीका है और इसके अधिकतम प्रभाव के लिए आपने पहले अपने बालों पर तेल अवश्य लगाएं।



### शैम्पू + कंडीशनर

मौसम के मिजाज को देखते हुए शैंपू करना छोड़ना बहुत बुरा विचार है। शैंपू करने से न केवल बालों को अच्छी तरह से साफ किया जाता है, बल्कि उन्हें पोषण भी मिलता है। बस इसके लिए जरूरी है कि आप सही शैंपू चुनें। शैंपू करने से आपके स्कैल्प को मॉइस्चराइज करने में भी मदद मिल सकती है।